दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित








नई दिल्ली। गुरुवार 06 मार्च-2025 | वर्ष : 10 अंक : 76 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3


# 12 मार्च को रिलीज हो रही है दो बिग सितारों की फिल्म 'तेड़े-मेड़े सपने'




**संजीव शर्मा**
*(शहर विधायक)*

मेरे प्रिय बड़े भाई। प्रदेश सरकार में मंत्री मंडल की शान। नदिया पार की आन सुनील शर्मा जी। आज रात 12 बजकर 12 मिनट पर मैंने एक सपना देखा। मुझे सपना आया कि पार्टी शहर और साहिबाबाद सीट से केवल एक ब्राह्मण चेहरे को टिकट दे रही है। मैंने सपने में दिल बड़ा करके पार्टी से कह दिया कि मैं तो कोई और चुनाव भी लड़ लूंगा। आप मंत्री जी को टिकट दे दो। ना जाने मेरा दिल इतना बड़ा कैसे हो गया। वैसे सुना है आधी रात के सपने झूठे और सुबह 5 बजे के बाद के सपने सच होते हैं।

**सुनील शर्मा**
*(कैबिनेट मंत्री)*

मेरे प्रिय भगवा कमांडर। जब से तुम 70 हजार के अंतर से विधायक बने हो। तब से मेरा दिल बहुत खुश है। वैसे आज रात 12 बजकर 12 मिनट पर मुझे भी सपना आया। पार्टी ने कहा कि आप कई बार चुनाव लड़ लिए। इस बार एक ब्राह्मण चेहरे को टिकट देना है। मैंने तुरंत तुम्हारी पैरवी कर दी। ना जाने क्यों मेरा दिल भी उस वक्त इतना बड़ा कैसे हो गया। मगर अफसोस ये है कि आधी रात के सपने झूठे होते हैं। मुझे विश्वास है कि मेरा ये सपना भी कभी पूरा नहीं होगा।

# 12 तारीख को पता चलेगा कहां से होता है टिकट...




**ललित जायसवाल**
*(चीफ वॉर्डन सीडी)*

भगवा बाऊजीज। क्या आप दोनों बतायेंगे कि क्या ये रास्ता टिकट के लिए किधर जाता है। बहुत ढूंढ लिया। टिकट कहीं से हाथ ही नहीं लग रहा।

**बलदेव राज शर्मा** *(वरिष्ठ भाजपा नेता)*

ललित पुत्तर। तुम किस टिकट की बात कर रहे हो, ट्रेन के टिकट की? बस या रेल के टिकट की? कुछ तो क्लीयर करो। हमने तो जवानी में फिल्म 'बेवफा सनम' का टिकट खरीदा था। वो नहीं कटा था। उसके बाद टिकट देने वाले सभी सनम बेवफा हो गये।

**जगदीश साधना**
*(वरिष्ठ भाजपा नेता)*

ललित पुत्तर। ये रास्ता तो हमारी जवानी से आज तक यहीं है। रही बात टिकट की, उसका इंतजार करते-करते हम यंग से ओल्ड हो गये। सुनो कोई दूसरा रास्ता देख लो। पता चले कुछ दिन बाद तुम्हें भी हमारे साथ इस बेंचपर ना बैठना पड़े।

कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी
कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा

जारी है.....

# दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। गुरुवार 06 मार्च-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 76 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










## 3 जुलाई से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा

### श्रद्धालु कर सकेंगे 9 अगस्त तक बाबा बर्फानी के दर्शन

### जल्द शुरू होगा रजिस्ट्रेशन



**नई दिल्ली।** अमरनाथ श्राइन बोर्ड की बैठक में अमरनाथ यात्रा 2025 की तारीख तय कर दी गई है। इस बैठक की अध्यक्षता जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने की, जो अमरनाथ श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं। इस साल अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई 2025 से शुरू होकर 39 दिनों तक चलेगी और रक्षाबंधन के दिन संपन्न होगी।

**जल्द शुरू होगा रजिस्ट्रेशन :** 2025 की यात्रा की तारीख तय होने के बाद श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। हर साल लाखों श्रद्धालु पवित्र अमरनाथ गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए इस कठिन यात्रा पर जाते हैं। यात्रा के लिए पंजीकरण प्रक्रिया जल्द शुरू होगी, जिससे श्रद्धालु समय रहते अपनी यात्रा की योजना बना सकें। अमरनाथ यात्रा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे ताकि यात्रा सुगम और सुरक्षित हो। अमरनाथ यात्रा हिंदू धर्म के सबसे पवित्र तीर्थों में से एक मानी जाती है। हर साल लाखों भक्त भक्तिभाव और आस्था के साथ कठिन पहाड़ी मार्गों से होकर गुफा तक पहुंचते हैं।

**पिछले साल 29 जून से शुरू हुई थी यात्रा :** पिछले साल अमरनाथ यात्रा के लिए पहला जत्था 29 जून को रवाना हुआ था। यह यात्रा रक्षाबंधन के दिन यानी 19 अगस्त तक चली थी। पिछले साल श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जम्मू-कश्मीर पुलिस की सुरक्षा विंग ने जम्मू में अमरनाथ बेस कैंप के आसपास के इलाके में तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए थे।

## न्यूजीलैंड के साथ होगा भारत का महामुकाबला

### साउथ अफ्रीका को हराकर न्यूजीलैंड फाइनल में



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 50 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब टीम का सामना चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मैच में भारत से होगा।

यह मैच नौ मार्च (रविवार) को दुबई में खेला जाएगा। बुधवार को खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने रचिन रवींद्र और केन विलियमसन की शतकीय पारियों की बदौलत 50 ओवर में छह विकेट खोकर 362 रन बनाए। यह चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास का सबसे बड़ा टोटल है। जवाब में दक्षिण अफ्रीका निर्धारित ओवर में नौ विकेट खोकर 312 रन बना सकी। उनके लिए डेविड मिलर ने नाबाद शतक जड़ा।

**हर हर महादेव**



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह ने काशी में बाबा विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान जनरल वीके सिंह की सुपुत्री मृणालिनी सिंह तथा वीके सिंह के निजी सचिव कुलदीप चौहान भी मुख्य रूप से मौजूद थे।

# नगर निगम की बोर्ड बैठक से पहले पार्षदों ने दिखाए तेवर

## मुद्दा समझ आएगा तभी करेंगे फेवर, कई मुद्दों पर हंगामे के आसार




### पांच विशेष मांगों पर बनी पार्षदों की सहमति, बड़ी संख्या में उपस्थित रहे पार्षद

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम गाजियाबाद में लंबे समय बाद 7 मार्च शुक्रवार को बोर्ड बैठक होनी है और बोर्ड बैठक को लेकर इस बार पार्षद भी अपने स्तर से तैयारी कर रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को नगर निगम गाजियाबाद के सभागार में दर्जनों पार्षद एकत्रित हुए। उन्होंने प्रमुखता के साथ एक करोड़ का एक्सीडेंटल इंश्योरेंस और परिवार का बीमा के साथ ही निगम में ठेके पर काम करने वाली वबाग सीवर कंपनी का बहिष्कार करने पर सहमति बनाई है। इसके साथ ही पार्षदों के लिए किसी प्रकार का टूर प्लान किए जाने के साथ ही 2023 से 2028 तक पार्षदों की सदन में महापौर के साथ फोटो फ्रेम भी हो। इसकी कई पार्षदों ने मांग की है। पार्षदों की इस बैठक में



बैठक की और बैठक में लगभग पांच महत्वपूर्ण विषयों पर रणनीति बनाई गई है। इसके साथ ही पार्षदों ने इस बात के भी संकेत दे दिए हैं की बोर्ड बैठक इस बार मैराथन भी चल सकती है। बोर्ड बैठक आयोजन का मकसद विकास कार्यों से लेकर पार्षदों की आवाज को बुलंद करने के साथ ही उनपर सहमति बनाना रहेगा। इस दौरान पार्षदों ने पार्षद भत्ते को लेकर नियम लाने और इसे बड़ा विषय बनाने पर रणनीति बनाई है।

वहीं पार्षदों ने अपने इलाकों में काम को लेकर संतुष्ट और संतुष्टी को लेकर भी निगम कीबोर्ड बैठक में अपना एजेंडा रखने वाले हैं। तो पार्षदों का तीन पार्षद प्रमुखता के साथ इस पूरी बैठक का संचालन कर रहे थे। जिसमें प्रवीण चौधरी, शीतल चौधरी और प्रवीन चौधरी मुलायम मुख्य थे। पार्षदों की इस बैठक में कई अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई है। जिसमें बोर्ड बैठक में रखा जाएगा।

उधर नगर निगम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि सात तारीख को होने वाली बोर्ड बैठक का एजेंडा सभी पार्षदों के पास पहुंचा दिया गया है। वहीं अधिकारियों ने भी अपने स्तर से इस बोर्ड बैठक के लिए तैयारी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि बोर्ड बैठक काफी गर्म और हंगामादार हो सकती है।

### बैठक में उठेगा पार्षद भत्ते का विषय

करंट क्राइम : बुधवार को जो पार्षदों की बैठक हुई है, उसमें रणनीति बनाई गई है कि पार्षदों के भत्ते के विषय पर सहमति बनाई जाए। जिस प्रकार से सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों को भत्ता मिलता है, उसी प्रकार पार्षदों को भी भत्ता मिलना चाहिए। पार्षदों ने इस बात को लेकर आवाज बुलंद की है कि अगर गाजियाबाद में भत्ते वाला यह प्रयास सफल हुआ, तो यह पूरे प्रदेश के लिए नजीर बनेगा। गाजियाबाद के पार्षदों को फिर प्रदेशभर के नगर निगम धन्यवाद देंगे और इसका जो श्रेय मिलेगा वह भी गाजियाबाद के मौजूदगा पार्षदों को ही मिलेगा।

**गाजियाबाद में भत्ते वाला यह प्रयास सफल हुआ, तो यह पूरे प्रदेश के लिए नजीर बनेगा।**

### पार्षदों की ओर से उठी है मांग, सदन में लगे मेयर के साथ उनका भी फोटोफ्रेम

करंट क्राइम : नगर निगम के पार्षदों की ख्वाहिश यह भी है कि नगर निगम में वर्ष 2024 से 2028 तक जो पार्षद हैं, उनके सभी के फोटो महापौर के साथ फोटो फ्रेम करके लगाया जाए ताकि वह भविष्य में बता सकें कि वह भी पार्षद रहे हैं। उन्होंने नगर निगम में अपना योगदान दिया है। शहर को संवारने और इसके विकास कार्यों से लेकर कई प्रमुख योजनाओं में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



### मुद्दों पर तभी लगेगी मोहर, जब संतुष्ट होंगे पार्षद

करंट क्राइम : नगर निगम में 7 मार्च को होने वाली बोर्ड बैठक जोरदार होगी। इसके लिए जो बुधवार को बैठक हुई उसमें पूरा प्लान तैयार किया गया है। पार्षदों ने अपने इलाके में काम को लेकर संतोष जताना होगा। साथ ही पार्षद यह भी तय करेंगे कि उनके क्षेत्र में जो काम हो रहा है वह ठीक हो रहा है कि नहीं, अगर वह इस पर सहमति नहीं देंगे ,तो अन्य पार्षद इसका विरोध करेंगे और उस मुद्दे को सदन में पास नहीं होने देंगे।

### पार्षद को मिले एक करोड़ का एक्सीडेंटल इंश्योरेंस और परिवार का भी हो बीमा

करंट क्राइम : नगर निगम के पार्षदों द्वारा एक पूर्व में बैठक की गई थी, उसमें भी एक करोड़ के एक्सीडेंटल इंश्योरेंस और परिवार के सदस्यों का बीमा कराने की बात रखी गई थी। बुधवार को भी पार्षद हिमांशु शर्मा द्वारा इस विषय पर आवाज उठाई गई तो अन्य पार्षदों ने इसका समर्थन किया है। वहीं पार्षद शीतल चौधरी ने भी इसको लेकर आवाज उठाई है। वहीं कहा जा रहा है कि नगर निगम की बोर्ड बैठक में इसे पार्षद रखेंगे जिस पर सभी अपना समर्थन भी रखेंगे। पार्षदों की मांग है कि उनका एक करोड़ रुपए का एक्सीडेंटल बीमा हो। इसके साथ ही परिवार वालों का भी इंश्योरेंस कराया जाए ताकि किसी भी बीमारी या अन्य दुर्घटना होने पर उनको राहत मिल सके।

### निगम के ठेकेदारों और वबाग सीवर कम्पनी को लेकर उठेगी आवाज

करंट क्राइम : नगर निगम के पार्षद अपने-अपने इलाकों में काम करने वाले निगम के ठेकेदारों और जो लापरवाही से काम करते हैं उनके विषय को उठाने का काम करेंगे। तो वही नगर निगम के सभी पार्षदों ने 100 वार्ड में वबाग कंपनी के सीवर ठीक करने और अन्य कामों के जो टेंडर मिले हैं, उसको लेकर आपत्ति उठाएंगे। इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। साथ ही नगर निगम और नगर आयुक्त को इसकी ठीक प्रकार से जांच कराने की भी पार्षद सदन में आवाज उठाएंगे।

### पार्षदों का है मिशन, उनको भी मिले कहीं घूमने की परमिशन

करंट क्राइम : नगर निगम के सदन में पार्षदों की एक बैठक हुई। बैठक में पार्षदों के बीच से ही आवाज उठाई गई कि कई सालों पहले नगर निगम के पार्षदों को गोवा टूर पर लेकर जाया गया था। उसके बाद से नगर निगम का कोई आउट डोर प्लान और टूर कार्यक्रम नहीं बना है। नगर निगम के पार्षदों की मांग है कि उनको भी कहीं घुमाने लेकर जाया जाए ताकि वह वहां की कई बेहतर चीजों को सीखकर आए और नगर निगम गाजियाबाद में उसका अनुपालन कराया जाए। सूत्र बता रहे हैं कि नगर निगम के पार्षद इस बोर्ड बैठक में उनके भ्रमण प्रस्ताव को लेकर भी मांग रख सकते हैं।

### कई प्रमुख पार्षद नहीं आए नजर

करंट क्राइम : नगर निगम की बैठकों में अमूमन कई पार्षद ऐसे हैं जो प्रमुखता के साथ अपनी आवाज बुलंद करते हैं। गंभीर विषयों को उठाते हैं, तो अधिकारियों और अन्य संस्थाओं के लिए वह परेशानी भी खड़ी कर देते हैं। बुधवार को हुई बैठक के दौरान वरिष्ठ भाजपा पार्षद राजीव शर्मा, सचिन डागर, संजय सिंह, वीरेंद्र त्यागी, गौरव सोलंकी, राज कुमार भाटी, नरेश भाटी सहित कई अन्य स्थानीय पार्षद भी नजर नहीं आए, जो अपने इलाकों और गंभीर विषयों पर आवाज बुलंद करते हैं।

### प्रमुख रूप से इन पार्षदों ने संभाली कमान

करंट क्राइम : बुधवार को नगर निगम के सभागार में बड़ी संख्या में पार्षद पहुंचे थे लेकिन इसमें प्रमुख रूप से कमान संभालने वालों में पार्षद हिमांशु शर्मा, शीतल चौधरी, प्रवीण चौधरी प्रवीण कुमार मुलायम, शिवम शर्मा, नीरज गोयल, पवन गौतम पार्षद पति, सुभाष चौधरी, मदन राय, पूनम सिंह, धीरज गोयल, राधेश्याम त्यागी, डॉ. अनिल तोमर, हरीश काराकोटी, राहुल शर्मा, मनोज गोयल पार्षद पति, पप्पू अभिनव जैन पार्षद पति, नितिन सहित कई अन्य पार्षद इस मीटिंग में उपस्थित रहे और अपनी बात भी रखी।

### अधिकारी नहीं सुनते बात, इसकी भी उठी आवाज

करंट क्राइम : इस दौरान इस बात की भी नाराजगी जाहिर की गई है कि अगर वह बड़े अधिकारियों को फोन करते हैं ,तो वह फोन नहीं उठाते और ठेकेदारों संबंधित अधिकारियों को फोन किया जाता है तो वह स्थानीय पार्षद की बात को नजअंदाज कर देते हैं। साथ ही उनका ठीक प्रकार से रिस्पांस नहीं देते हैं।

### उठेगा भ्रष्टाचार खत्म करने और आय बढ़ाने का मुद्दा

करंट क्राइम : नगर निगम के पार्षद बड़ी संख्या में बुधवार को बोर्ड बैठक से पहले जमा हुए थे, उन्होंने इस बात पर राय बनाई है कि नगर निगम में जो अलग-अलग स्तर पर भ्रष्टाचार है, उसके मुद्दे को उठाया जाएगा। तो वहीं नगर निगम की आय किस प्रकार से बढ़ाया जाए और पार्षदों को मिलने वाले बजट में बढ़ोत्तरी हो।

# पुलिस कमिश्नरेट में आज होगा अमृत जल वितरण



### पुलिस लाइन से लेकर 25 थानों में बांटा जाएगा महाकुंभ का प्रसाद

### सुबह 8 से 12 तक पुलिस लाइन और शाम 5 बजे कोतवाली में मिलेगा गंगाजल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गुरुवार को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में अमृत जल वितरण कार्यक्रम होगा। यहां अग्निशमन विभाग के वाहनों में महाकुंभ प्रयागराज समाप्त होने के बाद अमृत जल को लेकर वाहन गाजियाबाद पहुंच रहे हैं। गुरुवार को सुबह 8 बजे से 12 बजे तक पुलिस लाइन में अमृत जल वितरित किया जाएगा। तो सुबह से लेकर शाम 5 बजे तक अलग-अलग थानाक्षेत्रों में कहीं पर आधे तो कहीं एक घंटे के लिए अग्निशमन विभाग के अधिकारी थानों में पहुंचेंगे और लोगों को गंगा जल प्रयागराज से लाया गया जल वितरित करने का काम करेंगे। बता दें कि बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया था कि अलग-अलग जिलों से जो भी वाहन आए हैं, उनमें गंगाजल भरकर भेजा जाए ताकि इसे प्रत्येक जिले तक पहुंचा जा सके।

### सुबह 8 बजे लाइंस से होगी शुरुआत

करंट क्राइम : मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने जानकारी दी है कि वाटर ब्राउजर फायर स्टेशन कोतवाली सुबह 8 बजे से 12 बजे तक पुलिस लाइन में अग्निशमन अधिकारी कोतवाली शेषनाथ यादव के नेतृत्व में जल वितरित किया जाएगा। वहीं सुबह 12 से 12 :30 बजे थाना कवि नगर, 12 :30 से एक थाना मधुबन बापूधाम, एक से 1 :30 बजे तक थाना सिहानी गेट, डेढ़ से 2 :00 बजे महिला थाना नया गाजियाबाद, 2 :00 बजे से 2 :30 बजे तक नंदग्राम, ढाई बजे से 3 :00 तक थाना मसूरी, 3 :00 बजे से 3 :30 बजे तक वेव सिटी थाना, 3 :30 से 4 :00 बजे तक थाना क्रासिंग पहुंचेंगे। 4 :00 से 4 :30 तक विजयनगर और 4 :30 से 5 :00 बजे तक थाना कोतवाली में गंगाजल वितरित होगा।

### साहिबाबाद से लोनी तक पहुंचेगा प्रयागराज से आया गंगाजल

करंट क्राइम : वाटर टेंडर फायर स्टेशन साहिबाबाद सुबह 8 से 10 बजे तक साहिबाबाद थाने में, 10 से 11 :00 बजे थाना लिंक रोड, 11 से 12 :00 बजे थाना शालीमार गार्डन और 12 से 1 :00 बजे तक टीलामोड़ में अधिकारी गगन कुमार द्वारा गंगाजल वितरित किया जाएगा। तो वहीं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी लोनी गौरव के नेतृत्व में सुबह 8 :00 बजे से 10 :00 बजे तक लोनी थाना, 10 :00 से 11 :00 तक लोनी बॉर्डर, 11 से 12 अंकुर विहार, 12 से 1 थाना ट्रोनिका सिटी, में तो वहीं 8 से 10 बजे तक थाना मोदीनगर, 10 से 11 :30 बजे निवाड़ी, 11 :30 से 1 :00 भोजपुर, एक से 2 :30 बजे तक मुरादनगर, 8 :00 बजे से सुबह 10 :00 बजे तक थाना इंदिरापुरम, 10 से 11 :30 बजे थाना खोड़ा, 11 :30 से 1 :00 बजे तक कौशांबी थाने में अग्निशमन अधिकारी वैशाली द्वितीय मूलचंद सिंह द्वारा गंगा जल प्रदान किया जाएगा।

# 'औरंगजेब को आदर्श मानने वाले विधायक को यूपी भेजिए, इलाज कर देंगे', नाम लिए बिना योगी का हमला

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यूपी के बजट सत्र में विधान परिषद को संबोधित करते हुए महाकुंभ के आयोजन का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि यह ऐसा आयोजन था जिसे लंबे समय तक दुनिया याद रखेगी। उन्होंने कहा कि कुछ पार्टियां इससे सहमत नहीं थीं और महाकुंभ को लेकर दुष्प्रचार किया फिर भी लोगों की आस्था नहीं डिगी।

उन्होंने कहा कि महाकुंभ के आयोजन की दुनिया भर में प्रशंसा हो रही है। जो लोग संघ की विचारधारा से नहीं जुड़े हैं वो भी महाकुंभ के आयोजन की प्रशंसा कर रहे हैं। 45 दिन तक चले आयोजन में कोई लूट की घटना नहीं हुई। कोई अपहरण की घटना नहीं हुई। यह सनातन के सामाजिक अनुशासन का प्रभाव है। जो कि कहता है कि पूरा देश एक है और यहां जातिवाद और क्षेत्रवाद की कोई जगह नहीं है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ये उन लोगों को जवाब है जो कि जल के



प्रदूषण और अन्य तमाम छोटी खबरों को लेकर आयोजन पर सवाल उठा रहे थे और दुष्प्रचार कर रहे थे। देश की जनता के लिए गंगा सबसे पवित्र है और विज्ञान कहता है कि बहता हुआ जल खुद को पवित्र करता रहता है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि महाकुंभ में जैसी जिसकी दृष्टि थी वैसा ही उसने वहां देखा। सनातन के मानने वालों के लिए महाकुंभ एक गर्व का विषय है जो कि पूरी दुनिया को एकता का संदेश देता है।

महाकुंभ के आयोजन के दौरान काशी और अयोध्या में भी पर्यटकों की संख्या काफी बढ़ गई। इस दौरान इन नगरों के स्थानीय लोगों ने अभूतपूर्व धैर्य का परिचय दिया साथ ही उनका आतिथ्य सत्कार भी किया।

### एक नाविक परिवार ने 30 करोड़ रुपये की कमाई की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आस्था को आजीविका से जोड़ा है। यही कारण है कि प्रयागराज का एक नाविक परिवार जिसके पास 130 नावें थीं। उन्होंने पूरे आयोजन के दौरान 30 करोड़ रुपये की कमाई की। महाकुंभ का वृहद आर्थिक पक्ष है। हमारा अनुमान है कि इस आयोजन से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को साढ़े तीन लाख करोड़ का लाभ हुआ है।

### औरंगजेब सपा के लोगों का नायक

मुख्यमंत्री योगी ने सपा पर हमला करते हुए कहा कि सपा के लोगों के लिए औरंगजेब गर्व का विषय है जिसने अपने पिता को कैद कर उन्हें पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसा दिया था। उन्होंने कहा कि सपा का अपने विधायकों पर नियंत्रण नहीं है। उन्होंने अबू आजमी का नाम लिए बिना कहा कि सपा को उसे पार्टी से निकाल देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सपा को उस नेता के बयान का खंडन करना चाहिए और पार्टी से निकाल देना चाहिए। नहीं तो उसे यहां बुलाइये। हम उसका इलाज कर देंगे।

# भतीजे के बाद भाई पर कार्रवाई
## मायावती ने राष्ट्रीय समन्वयक पद से हटाया

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने आकाश आनंद को पार्टी से निकालने के बाद अब उनके पिता आनंद कुमार को भी नेशनल कोआर्डिनेटर पद से हटा दिया है। उनकी जगह रणधीर बेनीवाल को नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया गया है।

मायावती ने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि काफी लम्बे समय से निस्वार्थ सेवा व समर्पण के साथ कार्यरत बीएसपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनन्द कुमार, जिन्हें अभी हाल ही में नेशनल कोआर्डिनेटर भी बनाया गया था, उन्होंने पार्टी व मूवमेन्ट के हित के मद्देनजर एक पद पर रहकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की है, जिसका स्वागत है।

मायावती ने लिखा कि ऐसे में आनंद कुमार पहले की ही तरह बीएसपी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए सीधे मेरे दिशा-निर्देशन में अपनी जिम्मेदारियों को निभाते रहेंगे। अब उनकी जगह यूपी के जिला सहारनपुर के रहने वाले रणधीर बेनीवाल को नेशनल कोआर्डिनेटर की नई जिम्मेदारी दी गई है।

बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लिखा कि इस प्रकार, अब रामजी गौतम,



राज्यसभा सांसद रणधीर बेनीवाल ये दोनों बीएसपी नेशनल कोआर्डिनेटर (राष्ट्रीय समन्वयक) के रूप में सीधे तौर पर मेरे दिशा-निर्देशन में देश के विभिन्न राज्यों की जिम्मेदारियों को संभालेंगे। पार्टी को उम्मीद है कि ये लोग पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम करेंगे।

**सोमवार को पार्टी से आकाश को निकाला :** मायावती ने सोमवार को अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निकाल दिया था। इसके पहले रविवार को उन्होंने आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटाया था। आकाश ने सोमवार को मायावती के फैसले पर प्रतिक्रिया दी थी। इससे नाराज होकर मायावती ने उन्हें बसपा से निष्कासित करने का फैसला लिया था।

**'ससुर के प्रभाव वाली स्वार्थी व अहंकारी बयानबाजी' :** मायावती ने कहा था कि आकाश को पार्टी के हित में ज्यादा बसपा से निकाले गए अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में रहने के कारण सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर किया गया। उन्हें इसका पश्चाताप कर परिपक्वता दिखानी थी।

# लोहिया के रास्ते से भटकी सपा
## औरंगजेब को बना रही आदर्श : योगी



**लखनऊ।** महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी के मुगल बादशाह औरंगजेब की प्रशंसा करने वाले बयान ने उत्तर प्रदेश की राजनीति में भी हलचल मचा दी है। बुधवार को विधान परिषद में बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अबू आजमी के बयान पर सपा को आड़े हाथों लेते हुए जमकर फटकार लगाई। योगी ने सपा से अपने विधायक को तत्काल पार्टी से निलंबित करने और उसे उत्तर प्रदेश भेजने की मांग की, साथ ही चेतावनी दी कि यूपी ऐसे लोगों का इलाज करने में देरी नहीं करता। बता दें कि यह विवाद तब शुरू हुआ जब महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी ने औरंगजेब को 'महान प्रशासक' बताते हुए उसकी प्रशंसा की थी। इस बयान के बाद यूपी विधान परिषद में मुख्यमंत्री ने सपा को आड़े हाथ लिया है।

मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि सपा भारत की सांस्कृतिक विरासत पर गर्व नहीं करती और अपने मूल विचारक डॉ. राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों से भटक गई है।

### महाकुंभ ने बदली यूपी की अर्थव्यवस्था
#### योगी बोले- विरासत और विकास का संगम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद में महाकुम्भ के आर्थिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विरासत को विकास से जोड़ने' के मंत्र की सराहना की और बताया कि काशी, अयोध्या और प्रयागराज जैसे तीर्थस्थलों ने इस बार रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालुओं को आकर्षित किया, जिससे स्थानीय लोगों की आजीविका में अभूतपूर्व वृद्धि हुई। सीएम योगी ने कहा कि 2019 से पहले काशी में श्रद्धालुओं की संख्या सीमित थी, लेकिन काशी विश्वनाथ धाम के निर्माण के बाद काशी ने नया रूप लिया। 13 जनवरी से 27-28 फरवरी तक काशी पूरी तरह पैक रही। रोजाना 5 से 25 लाख श्रद्धालु पहुंचे, मां गंगा में स्नान किया और काशी के वैभव से अभिभूत हुए। उन्होंने काशीवासियों के आतिथ्य सत्कार और धैर्य को भी सराहा।

अयोध्या में भी यही स्थिति रही, जहां प्रतिदिन 5 से 15 लाख श्रद्धालु पहुंचे। योगी ने कहा कि अयोध्या के नागरिकों और संतों ने अपनी सुविधाओं की परवाह न करते हुए श्रद्धालुओं का स्वागत किया। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान 28-29 जनवरी को 2 लाख वाहनों को आसपास के जनपदों में रोका गया, जहां स्थानीय लोगों ने भोजन और पानी की व्यवस्था की। मुख्यमंत्री ने एक नाविक परिवार का उदाहरण देते हुए बताया कि उनके पास 130 नौकाओं का बेड़ा था, जिससे उन्होंने 13 जनवरी से 26 फरवरी तक 30 करोड़ रुपये की कमाई की। सीएम योगी ने कहा कि महाकुम्भ में हर तबके ने अच्छी आमदनी की। इससे यूपी की अर्थव्यवस्था में साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का योगदान मिलेगा। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री के विजन का परिणाम बताते हुए कहा कि यूपी देश की आत्मा है और पूरी दुनिया ने महाकुंभ का महाचमत्कार को देखा है।

# हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 12 मार्च को होंगी समाप्त, कॉपियों का मूल्यांकन 17 मार्च से होगा शुरू

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड की वर्ष 2025 की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 12 मार्च को समाप्त हो जाएंगी। कॉपियों का मूल्यांकन 17 मार्च से शुरू करने की तैयारी है। 15-16 दिनों में कार्य पूरा होने और अप्रैल के अंत में परिणाम आने की उम्मीद है। परीक्षाएं पूरी होने के बाद 13 मार्च को होलिका दहन और 14 मार्च को होली का पर्व है। ऐसे में दो दिनों तक मूल्यांकन केंद्रों तक कॉपियों को पहुंचा पाना मुश्किल होगा।

15 या 16 मार्च से कॉपियों को मूल्यांकन केंद्रों में पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी और सब कुछ ठीक रहा तो 17 मार्च से कॉपियों का मूल्यांकन भी शुरू करा दिया जाएगा। बोर्ड के सूत्रों का कहना है, कॉपियों

### अप्रैल के अंत तक रिजल्ट आने की उम्मीद



का मूल्यांकन 15 से 16 दिनों में पूरा करने का लक्ष्य है। ऐसे में मार्च के अंत या अप्रैल की शुरूआत में मूल्यांकन कार्य पूरा होने की उम्मीद है। मूल्यांकन कार्य समय से पूरा हो जाता है तो अप्रैल के अंत या मई की शुरुआत में हाईस्कूल व इंटर का परीक्षा परिणाम जारी किया जा सकता है।

नतीजे समय से तैयार किया जा सके, इसके लिए 20 अंकों की वस्तुनिष्ठ परीक्षा के लिए प्रयोग की जा रही ओएमआर शीट का मूल्यांकन छह मार्च से शुरू कराया जाएगा। ओएमआर शीट की अत्यधिक संख्या को देखते हुए बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने इसे तीन चरणों में संकलन केंद्र से क्षेत्रीय कार्यालय और क्षेत्रीय कार्यालय से संबंधित कंप्यूटर फर्मों तक पहुंचाने के दिशा-निर्देश दिए हैं।

प्रथम चरण में 24 फरवरी से तीन मार्च तक की परीक्षाओं की ओएमआर शीट चार मार्च को संकलन केंद्र से क्षेत्रीय कार्यालय को भेज दी जाएगी और छह मार्च को क्षेत्रीय कार्यालय से संबंधित कंप्यूटर फर्मों उपलब्ध करा दी जाएगी। दूसरे चरण में चार से नौ मार्च तक की परीक्षाओं की ओएमआर शीट 10 मार्च को क्षेत्रीय कार्यालय व 12 मार्च को कंप्यूटर फर्मों और तीसरे चरण में 10 से 12 मार्च तक की परीक्षाओं की ओएमआर शीट 16 मार्च को क्षेत्रीय कार्यालय व 18 मार्च को कंप्यूटर फर्मों को प्राप्त करा दी जाएगी।

सचिव ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों, उपनियंत्रक/प्रधानाचार्य, सभी संकलन केंद्रों को यह प्रक्रिया समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सचिव भगवती सिंह ने बताया कि 17 मार्च से कॉपियों का मूल्यांकन शुरू कराने की योजना है, हालांकि अभी अंतिम रूप से तिथि निर्धारित नहीं की गई है। इसमें परिवर्तन हो सकता है। जल्द ही दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।

# जिस युवती से किया दुष्कर्म, वायरल किए अश्लील फोटो... उसी से करनी पड़ेगी शादी, हाईकोर्ट ने इस शर्त पर दी जमानत



**आगरा।** आगरा के खंदौली में पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा देने आई युवती के साथ दुष्कर्म कर आपत्तिजनक वीडियो बनाया गया था। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किए थे। पीड़िता की शिकायत पर थाना खंदौली में दुष्कर्म, आईटी एक्ट व अन्य धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा गया था। 3 अक्तूबर 2024 को जिला जज ने आरोपी की जमानत खारिज कर दी। तब हाईकोर्ट में जमानत प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया।

हाईकोर्ट ने राजस्थान के जिला सीकर के थाना जाजोद क्षेत्र के गांव खटुंद्र निवासी नरेश मीणा उर्फ नरसा राम मीणा को सशर्त जमानत दी। आदेश दिए है कि आरोपी जेल से छूटने के तीन महीने के अंदर पीड़िता से शादी करेगा।

थाना खंदौली में पीड़िता ने तहरीर दी थी। आरोप लगाया था कि वह एक निजी कोचिंग में पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रही थी। आरोपी भी वहां पहले से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। वहां दोनों में बातचीत हुई।

आरोपी नरेश ने उससे पुलिस में भर्ती कराने के नाम पर 9 लाख रुपयों की मांग की थी। 17 फरवरी 2024 को वह परीक्षा दिलाने के लिए अपने साथ आगरा लेकर आया था। मेडिकल कराने के बहाने से होटल में ले गया। वहां पीड़िता के शरीर पर पाउडर लगा दिया, जिससे शरीर सुन्न हो गया। तब आरोपी ने युवती के साथ दुष्कर्म कर आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बना लिए। बाद में ब्लैकमेल कर कई बार दुष्कर्म किया।

विरोध पर पीड़िता के आपत्तिजनक फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। पुलिस ने केस दर्ज कर 21 सितंबर 2024 को आरोपी को जेल भेजा था।

# बेजुबान भी हैं अनमोल...
## पशु-पक्षियों की जान का रखवाला बना दमकल विभाग

**नई दिल्ली।** पतंग की डोर में उलझे कबूतर से लेकर गड्ढे में गिरी गाय को बचाने तक दिल्ली का दमकल विभाग हर साल हजारों बेजुबानों की जान बचाता है। कई बार कई-कई घंटे चले ऑपरेशन के बाद दमकलकर्मी अपनी जान पर खेलकर इनको बचाते हैं। दमकल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि एक इंसानी जान की तरह परिंदों और जानवरों की जान भी उनके लिए महत्वपूर्ण हैं।



अधिकारियों का कहना है कि जानवरों और पक्षियों के लिए हम मुसीबतें खड़ी कर रहे हैं। दैनिक जीवन में पशु-पक्षी इसका शिकार भी हो रहे हैं। हर साल स्वतंत्रता दिवस के आसपास उड़ने वाली पतंग की डोर में हजारों पक्षियों की जान चली जाती है। सबसे ज्यादा पक्षियों को बचाने की कॉल जुलाई, अगस्त और सितंबर में आती हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, वर्ष 2024 में दमकल कर्मियों ने 3467 पशु और 2789 पक्षियों की जान बचाई। वहीं, वर्ष 2023 में 3510 पशु और 3809 पक्षियों की जान बचाई गई। इस साल यानी वर्ष 2025 के शुरूआती दो माह की बात करें तो जनवरी और फरवरी 490 पशु और 351 पक्षियों की जान बचाई गई।

दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि इंसानी जान के अलावा विभाग के लिए हर बेजुबान जानवर और पक्षियों की जान भी बेहद महत्वपूर्ण है।

# अवैध बांग्लादेशियों की सहायता करने वालों पर भी होगी एफआईआर

**नई दिल्ली।** अब अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की सहायता करने वाले पर ही एफआईआर होगी। दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों का पता कर उन्हें वापस बांग्लादेश डिपोर्ट करने का अभियान जोरशोर से शुरू किया गया है। दिल्ली पुलिस आयुक्त ने सभी जिला पुलिस उपायुक्त को अवैध रूप से रह रहे बांग्लदेशियों का पता लगाकर उन्हें डिपोर्ट करने के सख्त आदेश दिए गए हैं। केंद्रीय गृहमंत्रालय की दिल्ली पुलिस अधिकारियों, दिल्ली की मुख्यमंत्री व अन्य अधिकारियों के साथ हुई बैठक को लेकर सख्त आदेश दिए हैं।

राष्ट्रीय राजधानी में विधानसभा के लिए हुए चुनावों के चलते अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान ठप पड़ गया था। विधानसभा चुनावों से पहले दिल्ली पुलिस अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की पहचान करने के लिए विशेष मुहिम चला रही थी। इस अभियान के तहत अब तक दिल्ली पुलिस ने करीब 100 बांग्लादेशियों को डिपोर्ट कर दिया है। ये अवैध तरीके से दिल्ली में छिप कर रह रहे थे। वहीं पुलिस करीब 500 से ज्यादा संदिग्ध दस्तावेजों की जांच कर रही है।

दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा कार्यालय ने बताया कि दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों का पता करने और उन्हें वापस भेजने के लिए प्रभावी तरीके से अभियान शुरू किया गया है।

# शोध : सब्जियों-फलों में पड़ने वाले कीटनाशक से महिलाओं के जीन-हार्मोंस प्रभावित

**कानपुर।** सब्जियों-फलों में डाले जाने वाले कीटनाशक अब रक्त तक पहुंच रहे हैं। इस वजह से गर्भवती महिलाओं का ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। साथ ही उनका जीन और हार्मोंस प्रभावित होते हैं। कीटनाशक से बच्चे के पेट में ही मौत होने का खतरा और महिलाओं में स्तन, फेफड़े और बच्चेदानी के कैंसर होने का भी खतरा रहता है। यह तथ्य जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में हुए शोध में सामने आया है। 60 गर्भवती महिलाओं को शोध में शामिल किया गया, जिनमें 50 फीसदी महिलाओं में बीपी बढ़ा हुआ मिला।

इनके खून में कीटनाशक की मात्रा अधिक मिली, जिससे बीपी बढ़ा। इससे झटके, दौरे और अंधता तक आ गई थी। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. गरिमा गुप्ता ने यह शोध किया। उन्होंने बताया



कि 60 महिलाओं को दो समूहों में विभाजित किया। पहले समूह में हाई बीपी वाली गर्भवतियों और दूसरे समूह में सामान्य बीपी वाली प्रसूताओं को शामिल किया गया। इनके रक्त का सैंपल लेकर जांच की तो पता चला कि हाई बीपी वाली महिलाओं में कीटनाशक का स्तर ज्यादा है।

**सामान्य से अधिक था सिरम क्रेटनिन :** इन महिलाओं के रक्त में अल्फा हेक्सा क्लोरो साइक्लोहेक्जेन नामक कीटनाशक पाया गया। ये कीटनाशक जीन से प्रोटीन बनने की प्रक्रिया को प्रभावित कर रहा था, जो महिलाओं में ही प्रीक्लेम्पसिया की स्थिति पैदा कर रहा था, जिसमें बीपी हाई होने पर झटके, दौरे आ रहे थे। उनका लिवर और किडनी भी खराब होने की स्थिति में थी, सिरम क्रेटनिन सामान्य से अधिक था। दो से तीन महिलाओं में अंधता भी हो गई थी। शोध करने वाली टीम में विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. रेनू गुप्ता, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पाविका लाल, डॉ. आलोक, पीजी डॉ. अनंत शामिल रहे।

**हार्मोनल संतुलन बिगड़ने से गर्भपात, समय से पहले प्रसव :** ये कीटनाशक हार्मोंस के सामान्य कामकाज को भी प्रभावित करता है। हार्मोनल संतुलन बिगड़ने से गर्भपात, समय से पहले प्रसव और जन्म के समय बच्चे का वजन कम जैसी समस्याएं होती हैं।

ये प्रतिरोधक क्षमता पर भी असर डालता है और गर्भवतियां संक्रमण की चपेट में भी जल्दी आ जाती हैं। साथ ही गर्भवतियों को सिर दर्द, चक्कर आते हैं।

# हरकत में आई दिल्ली सरकार, मंत्री बजटीय तैयारी में जुटे

**नई दिल्ली।** विधानसभा सत्र समाप्त होने के बाद दिल्ली सरकार हरकत में आ गई है। खजाना भरा रखने के लिए सभी विभागों ने बजटीय तैयारियां शुरू दी हैं। मंगलवार को दिल्ली सरकार के मंत्री आशीष सूद, कपिल मिश्रा, मनजिंदर सिंह सिरसा और रविंद्र सिंह इंदराज ने अपने-अपने विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की।

इसमें कई अहम मुद्दों पर मंथन किया गया। इस दौरान मंत्रियों ने न सिर्फ अपने विभागों की चल रही योजनाओं पर चर्चा की, बल्कि लंबित योजनाओं और भविष्य में लागू करने वाली योजनाओं के बारे में भी गहन विचार-विमर्श किया।

इसमें अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे भाजपा के संकल्प पत्र के साथ बजट का तालमेल बिठाएं। सरकार हर सूरत में वादों को पूरा करती नजर आनी चाहिए।

मंत्री आशीष सूद, कपिल मिश्रा, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र सिंह इंदराज ने अलग-अलग बैठकों में

### संकल्प पत्र लागू करने पर मंथन



भाजपा के संकल्प पत्र में किए गए वादों पर भी चर्चा की। इसमें दिल्ली के विकास के लिए कई योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संकल्प पत्र को ध्यान में रखते हुए बजट में इस तरह के प्रावधान जोड़े जाएं, जिससे जनता सीधा लाभ मिल सके। इसके अलावा विकास कार्यों और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बजट में नई योजनाओं के लिए पर्याप्त धनराशि की व्यवस्था करनी है। मंत्रियों की इन बैठकों से यह स्पष्ट हो गया कि आगामी बजट में दिल्ली की विकास योजनाओं को तेजी से लागू करने के लिए विशेष प्रावधान होंगे। भाजपा के संकल्प पत्र के प्रावधानों को अमलीजामा पहनाने के लिए बजट में पर्याप्त फंड आवंटित करने की योजना है।

**भाजपा ने कर रखी हैं कई घोषणाएं :** चुनावों से पहले भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में कई घोषणाएं की थीं, जिनमें गरीबों, महिलाओं, किसानों, व्यापारियों, युवाओं आदि के लिए विशेष योजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं को जल्द से जल्द लागू करने के लिए बजट में बदलाव और नए दिशा-निर्देशों की जरूरत होगी। मंत्रियों ने इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार किया और अधिकारियों से बजट में इन सभी बिंदुओं का समावेश करने के लिए निर्देश दिए।

### मुख्यमंत्री से संगठनों ने की मुलाकात

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की ओर से बजट जनता की राय पर आधारित बनाने के किए गए एलान के कारण विभिन्न वर्गों के संगठनों के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को उनसे मुलाकात की और बजट को लेकर सुझाव दिए। संगठनों ने खासतौर पर व्यापार, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण और महिला सशक्तिकरण के मुद्दों पर जोर दिया।

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...







# एनसीआर बोर्ड की बैठक में अतुल गर्ग ने मारा है एक बड़ा शॉट

## वो कराकर आए हैं दस हजार करोड़ रुपए के विकास कार्य नोट



### 2016 के बाद 2025 में हुई है गाजियाबाद की भागीदारी

**करंट क्राइम।** एनसीआर बोर्ड की जो बैठक हुई, ये बैठक विकास की दृष्टि से अहम है और ये पता चला है कि वष 2016 के बाद से गाजियाबाद में एनसीआर बोर्ड की बैठक में गाजियाबाद की कोई भागीदारी ही नहीं रही। इस बैठक में अब लोकसभा सांसद अतुल गर्ग शामिल हुए और यहां बताते हैं कि अतुल गर्ग इस बैठक में पूरी तैयारी के साथ पहुंचे थे। उन्होंने दस हजार करोड़ के प्रस्ताव एनसीआर बोर्ड को दे दिये हैं।

### रेलवे की जमीन से लेकर कमला नेहरुनगर की जमीन पर दिखेगा ये विजन

**करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग एनसीआर बोर्ड की बैठक में अपनी पूरी तैयारी के साथ गए थे। उन्होंने इस बैठक में ये बताया कि उनके लोकसभा क्षेत्र में रेलवे की जमीन का क्या उपयोग हो सकता है। कमला नेहरुनगर में खाली पड़ी जमीन का क्या उपयोग हो सकता है। उन्होंने प्रस्ताव दिया कि विजयनगर क्षेत्र में रेलवे की खाली पड़ी जमीन पर बड़ा निर्माण हो सकता है। कमला नेहरुनगर की जमीन पर सभी सरकारी दफ्तरों का एक हब बन सकता है। इससे आम जनता को अपना काम कराने में सुविधा होगी। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग हिंडन रिवर फ्रंट का भी प्रस्ताव इस बैठक में दिया है। बताया जाता है कि अतुल गर्ग ने अपने लोकसभा क्षेत्र में कई इंटरनल पुल की भी भूमिका तैयार की है। इन पुलों के निर्माण के बाद कनेक्टिविटी बढ़ जाएगी। सूत्र बताते हैं कि एनसीआर बोर्ड की बैठक में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने जानदार पारी खेलते हुए कई शानदार प्रस्ताव रखे हैं। उन्होंने गाजियाबाद के स्थानीय विकास पर जोर दिया है और अतुल गर्ग का ये कदम गाजियाबाद के विकास की दिशा में एक नया अध्याय लिखेगा।

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग अपनी पारी के पहले दिन से ही जबर्दस्त शॉट मार रहे हैं। वो देहात से लेकर शहर तक विकास का एक विजन लेकर चल रहे हैं। उन्होंने खुद को एक ऐसे सांसद के रूप में खुद स्थापित कर दिया है जो अपनी लोकसभा में जमीन से लेकर आसमान तक अपने विकास का खाका खींच रहा है। वो जमीन और आसमान के साथ जल की भी चिंता कर रहे हैं। लोनी में सहारनपुर हाईवे मार्ग को लेकर अतुल गर्ग ने पत्र लिखा। इसकी अप-टू-डेट रिपोर्ट मांग ली। वो लोनी में जल निकासी के लिये युद्ध स्तर पर काम चाहते हैं। जिस हिंडन एयरपोर्ट से पांच साल में कोई उड़ान नहीं भरी गई, उस हिंडन एयरपोर्ट से जब गोवा के लिये उड़ान शुरू हुई तो खुद अतुल गर्ग इस विमान में 70 यात्रियों के साथ सवार हुए। अतुल गर्ग एक संदेश दे रहे हैं और हिंडन नदी को लेकर वो मुख्यमंत्री को पत्र लिख चुके हैं। अब अतुल गर्ग ने एक बड़ा शॉट मारा है और एनसीआर बोर्ड की बैठक में अतुल गर्ग ने एक विजन दिखाया और यहां एक बड़ी बात ये है कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने 10-20-100 नहीं बल्कि दस हजार करोड़ के विकास कार्य नोट कराए हैं। अतुल गर्ग ये विजन जब अमली जामा पहनेगा तो गाजियाबाद के लोकसभा क्षेत्र का स्वरूप बदल जाएगा। अतुल गर्ग ने यहां सरकारी दफ्तरों से लेकर हिंडन नदी के सुधार का प्रस्ताव रखा है। अतुल गर्ग के प्रस्तावों से गाजियाबाद को कई पुल मिलेंगे, मैट्रो के विस्तार को पंख लगेंगे। अतुल गर्ग ने एनसीआर बोर्ड की बैठक में ये प्रस्ताव रखे और सूत्र बताते हैं कि अतुल गर्ग इन विकास कार्यों को लेकर गंभीर हैं। उन्होंने फील्डिंग लगाई है और उनके प्रस्तावों पर जब काम होगा तो गाजियाबाद की दिशा ही बदल जाएगी।

# एमएलसी दिनेश गोयल ने विधान परिषद सत्र में बनाया एक बड़ा रिकॉर्ड

## अंशल बिल्डर से लेकर सरकारी अस्पताल की खराब लिफ्ट का उठाया है मुद्दा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एमएलसी दिनेश गोयल ने जनप्रतिनिधि के रूप में एक बड़ी पारी खेली है। उन्होंने विधान परिषद सत्र में जनता से जुड़े मुद्दे उठाए हैं। इस सत्र में उनकी आवाज गूंजी है और सत्र के अंतिम दिन दिनेश गोयल ने रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने जनहित से जुड़ा हर मुद्दा उठाया। विधान परिषद में उन्होंने अंसल ग्रुप का मुद्दा उठाया तो सरकारी अस्पताल में खराब लिफ्ट की मांग उठाई। कौशांबी के अवैध कब्जे का मामला उठाया है। एमएलसी के रूप में दिनेश गोयल ने कई कई मामले उठाए हैं।

### संयुक्त जिला अस्पताल की खराब लिफ्ट की खोल दी एमएलसी ने पोल

**करंट क्राइम।** एमएलसी दिनेश गोयल ने विधान परिषद में मामला उठाया और कहा कि गाजियाबाद में संजयनगर में संयुक्त जिला अस्पताल का संचालन वर्ष 2008 में हुआ था। वर्ष 2016 में मरीजों की सुविधा के लिये 12 लाख रुपए खर्च करे एक नई लिफ्ट स्थापित की गई। आठ वर्ष बीत जाने के बाद जब लिफ्ट को संचालित करने के लिये अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक द्वारा एक निजी फर्म के इंजीनियर को बुलाया गया तो उन्होंने बताया कि लिफ्ट खराब है। लिफ्ट का संचालन शुरू करने के लिये दो लाख रुपए खर्च होंगे। लिफ्ट खराब होने से दिल के मरीजों तथा अन्य मरीजों को दूसरी मंजिल पर ले जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। एमएलसी दिनेश गोयल ने सदन में ये सवाल उठाकर कहा कि अस्पताल की लिफ्ट को जल्द से जल्द ठीक कराया जाए और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

### अंसल समूह की टाउनशिप में हजारों निवेशकों के करोड़ों रूपए डूबने का उठाया मुद्दा

**करंट क्राइम।** एमएलसी दिनेश गोयल ने विधान परिषद में अंसल ग्रुप की 1335 एकड़ में टाउनशिप बनाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में वर्ष 2003 में तत्कालीन सरकार ने उत्तर प्रदेश हाईटैक टाउनशिप पॉलिसी के तहत अंसल ग्रुप को 1335 एकड़ में टाउनशिप बनाने का लाइसेंस दिया था। प्रदेश की राजधानी लखनऊ के साथ-साथ एनसीआर सहित पांच राज्यों में अंसल टाउनशिप चला रही थी। कम कीमत पर फ्लैट, मकान और जमीन देने का वादा करके डैवलपर कंपनियां अपने वादे से मुकर गई। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस पूरे प्रकरण पर संज्ञान लिया है। उससे ये आशा जगी है कि राज्यभर में जगह-जगह जहां-जहां भी टाउनशिप के कार्य हो रहे हैं उनके रेगुलेट और मॉनिटरिंग का काम भी किया जाना अतिआवश्यक है। एमएलसी दिनेश गोयल ने विधान परिषद में कहा कि इस विषय पर अंसल ग्रुप में हजारों निवेशकों को करोड़ों की देनदारी का विषय उठने के कारण स्टेट कैपिटल रीजन में सावधानी बरते जाने के संबंध में चर्चा की मांग की।

एमएलसी दिनेश गोयल ने सदन में जीडीए की कौशांबी योजना में एक प्लॉट के आसपास कूड़ा डालकर कुछ लोगों द्वारा कब्जा करने का मामला भी उठाया और इस कूड़े के कारण इस प्लॉट पर आने का रास्ता भी अवरुद्ध है। उन्होंने कहा कि इस प्लॉट की रजिस्ट्री 1996 में हो चुकी है। एमएलसी दिनेश गोयल ने इस प्लॉट के कब्जे को लोकमहत्व के सुनिश्चित विषय बताते हुए इस पर वक्तव्य की मांग सदन में की है।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जिनकी तमन्ना है नगर निगम का उपाध्यक्ष वाला ताज? हमने देखा जब हो रही थी पार्षदों की मीटिंग? उसमें नहीं दिखाई दी ऐसे चेहरों की सिटिंग? मीठे-मीठे से त्यागी जी और वीरू के दोस्त जय ने बना ली मीटिंग से दूरी? उन्हें पता था कि अगर हो गये शामिल, तो फिर आ जायेंगी कई तरह की मजबूरी? इसलिए इन दोनों ने मीटिंग में नहीं आना समझा ज्यादा जरूरी?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि पार्षदों वाली मीटिंग खत्म होने के बाद मिस्टर खेमका और मिस्टर वैश्य गौड़ ने चला कुछ और ही तराना? उन्होंने ढूंढ लिया किसी ताकतवर चेहरे से मिलने का बहाना? हमने देखा ये दोनों इस चेहरे को नमस्ते करने गये एकसाथ? सुना है सामने से दनदनाती हुई सुनाई दी इन्हें ताने वाली आवाज? कुछ भूख से जुड़े हुए सुनाई दिये हमको दीवार से बाहर शब्द? कहने वाले ने कहा जिस चेहरे को ये नमस्ते करने गये थे? उनके तेवर थे बहुत सख्त?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैम्बर मैडम चौधरी और मैम्बर मिस्टर शर्मा की पहली पहली है ये नगर निगम वाली पारी? बावजूद इसके ये दोनों एक ही कॉल पर कर लेते हैं नए और सीनियर पार्षदों को एकत्रित? सुना है इन दोनों की इस अदा ने चलाई हुई है कई सीनियर पार्षदों के सीने पर आरी? हमने सुना कुछ सीनियर पार्षद कर रहे थे आपस में तर्क? कह रहे थे नए पार्षद पुराने पार्षदों को अपने हिसाब से चला रहे हैं इससे पड़ता तो हैं हमको फर्क? जूनियर होकर बुलाते हैं ये सीनियर की मीटिंग? सच बतायें इसलिए आज तक हमने इनके बुलावे पर नहीं की किसी भी मीटिंग में सिटिंग?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि सफेद कुर्ते में धीरज रखकर चलने वाले नदिया पार के अग्रवाल मैम्बर का कुछ अलग ही दिख रहा था अंदाज? कुछ खास नजर आ रही थी उनके चेहरे की मुस्कुराहट? आज मैं ऊपर और आसमां नीचे वाली फीलिंग का करा रहे थे वो एहसास? किसी ने उनसे पूछा आज इतने खुश कैसे हो साहब? उन्होंने कहा आज पहली बार हुआ है मुझे पार्षद होने का एहसास? जब से किया है मैंने आज मौहल्ले के जिम का उद्घाटन? तब से बदल गये हैं मेरे एहसास?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि इसमें कोई शक नहीं ताकतवर मिस्टर गर्ग अपने प्रिय विधायक शर्मा जी से करते हैं काफी प्यार? वो उनकी तारीफों का करते हैं हर किसी से इजहार? मगर सुना है उन्होंने किया है अपने प्रिय विधायक की 15 प्रतिशत कमियों की और भी इशारा? कहा है कि ये 15 प्रतिशत इन कमियों को ठीक कर लें तो इनके जैसा नेता नहीं आयेगा दोबारा? राष्ट्रीय राजनीति के छुऐंगे ये अर्शा? मैं मिलकर दूंगा इनकी इन 15 प्रतिशत कमियों को इनको तर्क?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे एक कार्यक्रम में मौजूद? इस कार्यक्रम में नजर आ रहा था हमें भक्ति से भरे भाटी जी का वजूद? वो पूरी शिद्दत से नजर आ रहे थे भगवा कमांडर के साथ? दिल से कर रहे थे वो उनसे लगातार बात? कहने वाले ने कहा उनकी इस मुलाकात की अदा ने कर दिया हमारी सोच का समाधान? कहने वाले ने कहा अब किसके साथ राजनीति की दिशा में आगे बढ़ना है? शायद उनकी भगवा कमांडर से फुसफुसाहट करा रही थी एहसास कि उनको प्राप्त हो गया है अब ज्ञान?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि सांसद जी भले ही एक दिन बाद गोवा टूर से वापस आ गये हों? मगर हमने देखा उनकी वापसी के बाद प्रतिनिधि मैदी जी ने पूरे टूर को किया पूरी ताकत से होल्ड? वो कहीं पर साफ्ट नजर आये तो कहीं दिखाई दिये बोल्ड? पैराशूट से आसमान छूकर उन्होंने करा दिया अपनी मजबूती का भी मौके पर एहसास? दे दिया संदेश अभी हममें प्रतिनिधि के तौर पर बहुत हिम्मत बाकी है? ये देख रहे हो ना जो आप समुंद्र की लहरों पर उड़ते हुए? ये तो बस एक झांकी है?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि वैसे तो नहीं थी मिस्टर मेदी और नाईस मैन संजीव गुप्ता के बीच में पहले कोई खास मुलाकात? लेकिन जब से मारा है दोनों ने गोवा का टूर? तब से जाग गये हैं दोनों के जज्बात? कहने वाले ने कहा हमने मैदी जी के मुख से जमकर सुनी मिस्टर कूल की तारीफ? वो उन्हें बता रहे थे आदमी शानदार? कह रहे थे पूरे टूर में हमें बहुत पसंद आया संजीव भाई का अपनापन और व्यवहार?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब से परवान चढ़ा है गर्ग साहब के नेतृत्व में गोवा वाला टूर? सुना है इस टूर की सफलता की चर्चाएं हो रही हैं भरपूर? कहने वाले ने कहा टूर की सफलता का एक और आया है संदेश? गाजियाबाद की 80 महिलाओं के तैयार हो चुके हैं अगले गोवा टूर पर जाने के लिए फेस? सुना है आज बुकिंग का फाईनल हो जायेगा प्रोग्राम? अब ये पता नहीं चला रहा? इन 80 महिलाओं में कितनी भगवा बहनें हैं और कितनी श्रीमती हैं जिनके राजनीतिक रूप से भगवा हैं श्रीमान?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बैठा था एक जगह पर? वहां साहिबाबाद और शहर वाले कार्यकर्ता कर रहे थे एक दूसरे से चर्चा? शहर वाले ने पूछा साहिबाबाद वाले से कि क्या मैं अटैंड कर सकता है साहिबाबाद विधायक का होली मिलन वाला प्रोग्राम? इस पर साहिबाबाद वाले कार्यकर्ता ने कहा मेरी भी आपकी जैसी चाहत है श्रीमान? मैं भी भगवा कमांडर के होली मिलन कार्यक्रम में होना चाहता हूं शामिल? मैं चाहता हूं कि शहर वाले कार्यक्रम में हमारे हैवीवेट वाले नजर आयें? साहिबाबाद वाले होली मिलन वाले कार्यक्रम में भगवा कमांडर भी दर्ज करायें अपनी उपस्थिति का पैगाम?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# शहर को हरा-भरा बनाने में जुटा नगर निगम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम अंतर्गत लगभग 1400 पार्क है जिनमें लगातार उद्यान विभाग द्वारा कार्य किया जा रहा है। गाजियाबाद नगर निगम शहर के चौराहों, ग्रीन बेल्ट, सेंट्रल वर्ज, को भी नया स्वरूप देते हुए व्यवस्थित करने की तैयारी कर रहा है जिसके लिए नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार अधिकारियों द्वारा उद्यान विभाग टीम के साथ बैठक की गई। वरिष्ठ प्रभारी उद्यान अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज के नेतृत्व में बैठक हुई। प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार शहर की ग्रीनरी को बढ़ाया जा रहा है न केवल पार्कों को और अधिक बेहतर करने का कार्य चल रहा है बल्कि ग्रीन बेल्ट में अन्य प्रमुख चौराहों को भी सुंदर बनाया जा रहा है। इसी क्रम में हिंडन एयरपोर्ट को भी पूर्ण रूप से सुसज्जित करने की योजना बनाई जा रही है। शहर के डिवाइडर तथा सेंट्रल वर्ज पर गमले की संख्या को बढ़ाते हुए सुंदर बनाया जाएगा। फूल तथा पौधों को सही प्रकार से व्यवस्थित करते हुए लगाया जाएगा। टीम को मोटिवेट करते हुए निर्देशित किया गया है बैठक में उद्यान पर्यवेक्षक अजय हरित, अधिशासी अभियंता उद्यान रोहित अधिशासी अभियंता निर्माण राजेंद्र समस्त हेडमली तथा सुपरवाइजर भी उपस्थित रहे। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव द्वारा बताया गया 14 अप्रैल 2025 को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती से पूर्व पार्कों में स्थापित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति की विस्तृत खबर पेज न 8 पर

# करंट क्राइम होली महोत्सव में रहेगी शर्मा फोटो स्टूडियो की धूम

## कुंजन पंडित की टीम के साथ जमेगा होली वाला रंग



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** करंट क्राइम होली महोत्सव 12 मार्च को होगा। होली महोत्सव के लिये करंट क्राइम परिवार ने पूरी तैयारी की है। हर वर्ष की तरह होली को लेकर जहां आने वालों में उत्साह है वहीं इस आयोजन में रंग भरने वाली टीम भी अपनी नई थीम के साथ तैयार है। करंट क्राइम होली महोत्सव में इस बार होली मिलन की कवरेज के लिये शर्मा फोटो स्टूडियो की टीम मौजूद रहेगी। शर्मा फोटो स्टूडियो पहले भी करंट क्राइम होली महोत्सव में अपनी प्रतिभा का जलवा दिखा चुका है।

इस प्रतिष्ठान के मालिक कुंजन पंडित हैं और कुंजन पंडित फोटोग्राफी की दुनिया में एक जाना माना नाम है। उन्होंने प्री वेडिंग शूट में एक नई धारणा के साथ संस्कृति वाली फोटोग्राफी को जन्म दिया है। मंत्रोच्चार से लेकर भारतीय परिधान और सांस्कृतिक लुक के लिये उनके प्री वेडिंग शूट की डिमांड दूर-दूर तक है। बड़े कार्यक्रम की कवरेज के लिये कुंजन पंडित की टीम जानी जाती है। करंट क्राइम होली मिलन समारोह में शर्मा फोटो स्टूडियो की टीम कुंजन पंडित के नेतृत्व में फोटोग्राफी का रंग जमाएगी। यहां ये टीम ड्रोन, एलईडी और लाइव के साथ नजर आएगी। होली महोत्सव के मेहमानों को 360 डिग्री फोटो का आनंद मिलेगा। फोटोग्राफी के रंग इस महोत्सव में दिखाई देंगे। कुंजन पंडित इस पूरी फोटोग्राफी महोत्सव के लिये तैयार है। कुंजन पंडित का फोटोग्राफी के क्षेत्र में एक बड़ा नाम है और होली महोत्सव में ये टीम अपना जलवा दिखाएगी।

# फिर उमड़ा शहर विधायक संजीव शर्मा का लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के प्रति प्यार

## अपने पहले होली-मिलन समारोह में चीफ गेस्ट बनाकर अतुल गर्ग के प्रति जताया आभार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ये रिश्तों की बयार है, ये सम्मान है, ये आभार है और एक तरह से ये आपस में प्यार है। संजीव शर्मा जब महानगर अध्यक्ष थे और अतुल गर्ग विधायक थे तो विधायक के रूप में अतुल गर्ग ने महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा को उनके जन्मदिन पर एक उपहार दिया था। उन्होंने सार्वजनिक रूप से संजीव शर्मा को अब तक का सबसे लोकप्रिय अध्यक्ष बताते हुए उन्हें बर्थ-डे का ये उपहार दिया था। संजीव शर्मा अब उस विधानसभा के विधायक हैं जो विधानसभा अतुल गर्ग की थी और अतुल गर्ग अब लोकसभा के सांसद हैं। सियासत के गलियारों में ये एक आम चर्चा है कि शहर विधायक



संजीव शर्मा का विशेष झुकाव लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के लिये रहता है। वो जब चांदमारी की अवैध झुग्गियों को हटाए जाने का प्रस्ताव लेकर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के यहां गए तो लोकसभा सांसद अतुल गर्ग उनके साथ गए। इस बार ये रिश्तों की बहार और एक-दूसरे के प्रति सम्मान फिर दिखाई देगा। क्योंकि शहर विधायक बनने के बाद संजीव शर्मा की ये पहली होली है और एक तरह से वो विधायक बनने के बाद क्षेत्र का आभार व्यक्त करेंगे। वो एक होली-मिलन आयोजित करने जा रहे हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि अपने पहले होली-मिलन में शहर विधायक संजीव शर्मा ने ये बता दिया है कि ईस्ट-टू-वेस्ट उनके लिये सांसद अतुल गर्ग ही बेस्ट हैं। आमतौर पर विधायक अपने क्षेत्र में जब कोई बड़ा कार्यक्रम करते हैं तो वो चीफ गेस्ट के लिये संगठन के बड़े पदाधिकारी से संपर्क करते हैं। उनकी कोशिश रहती है कि सरकार के बड़े मंत्री आ जाए, लेकिन संजीव शर्मा ने लोकल-वोकल का अंदाज रखा है। वो अपनी विधानसभा में अपने प्रिय सांसद के साथ हैं। उन्होंने सांसद अतुल गर्ग को चीफ गेस्ट बनाया है। चर्चा यही है कि ये एक संदेश है और ये संदेश रिश्तों का भी है। संजीव शर्मा की पहली होली का आयोजन होगा और इस आयोजन में सांसद अतुल गर्ग मुख्य अतिथि होंगे।

### निमंत्रण पत्र पर लगाया है सांसद अतुल गर्ग का बड़ा फोटो

**करंट क्राइम।** राजनीति में निमंत्र पत्र , होर्डिंग, बैनर भी एक संदेश देते हैं। होर्डिंग, बैनर पर फोटो साइज बता देता है कि किसकी कितनी अहमितयत है। कई बार कई चेहरे फोटो फ्रेम से आउट हो जाते हैं। कई बार कुछ चेहरों को स्थान मिलता है। शहर विधानसभा में जब शहर विधायक संजीव शर्मा अपना विधायकी काल का पहला होली-मिलन समारोह आयोजित करेंगे तो उन्होंने ये बता दिया है कि उनके दिल में बड़ा स्थान किसका है। जो निमंत्र पत्र तैयार हुए हैं उसमें सांसद अतुल गर्ग का फोटो बड़ा लगाया गया है। ये एक संदेश है जो दिया गया है।

### करंट क्राइम के होली महोत्सव में पहुंचेंगे शहर विधायक संजीव शर्मा

**करंट क्राइम।** होली महोत्सव करंट क्राइम का है और शहर में इसे लेकर जोश है। इसी बीच शहर विधायक संजीव शर्मा ने भी होली-मिलन 12 मार्च का ही रखा है। बताते हैं कि होली-मिलन दोनों तरफ से पूरे जोश के साथ रहेगा। 12 मार्च को दैनिक करंट क्राइम के होली महोत्सव से पहले शहर विधायक संजीव शर्मा अपना होली-मिलन समारोह पूर्ण करेंगे। समय को इस तरह से सेट किया गया है कि शहर विधायक पहले अपने होली-मिलन समारोह को दोहपर 1 बजे से 4 बजे तक आयोजित करेंगे और उसके बाद 4 बजे से दैनिक करंट क्राइम होली महोत्सव शुरू हो जाएगा। शहर विधायक संजीव शर्मा अपनी टीम के साथ फिर करंट क्राइम होली महोत्सव में पहुंचेंगे। सांसद अतुल गर्ग भी करंट क्राइम होली महोत्सव में आएंगे। रंगों का डबल धमाल होगा, मस्ती होगी और खुशियों का गुलाल होगा।

## संपादकीय

# तकनीक की मार से बढ़ रही हत्या जैसी घटनाएं

यह आधुनिक तकनीक का ऐसा चेहरा है, जो बेहद घातक नतीजों के चलते चिंता का कारण बन रहा है। सवाल है कि इंटरनेट की सुविधा से लैस स्मार्टफोन का पर्दा आखिर इतना गहरा मनोवैज्ञानिक असर कैसे डाल रहा है कि कोई व्यक्ति इसके सम्मोहन में आसपास की दुनिया से लेकर खुद की अहमियत भी भूल जाता है।

आधुनिक तकनीकी और इंटरनेट से लैस स्मार्टफोन तक जैसे–जैसे आम लोगों की पहुंच बन रही है, वैसे–वैसे कई स्तर पर इसके नुकसान भी सामने आ रहे हैं। खासकर स्मार्टफोन में गेम खेलने की लत का सबसे ज्यादा असर युवाओं और बच्चों पर पड़ा है, जिनका व्यक्तित्व इससे बुरी तरह प्रभावित होने लगा है। यह चिंता आम है कि मोबाइल में गेम की लत के चलते बच्चों की पढ़ाई–लिखाई बाधित हो रही है। मगर ज्यादा त्रासद घटनाएं वे हैं, जिनमें हमेशा स्मार्टफोन देखने या गेम खेलने की आदत की वजह से बच्चे अपने परिजनों पर हमला कर देते या फिर अपनी ही जान ले लेते हैं।

गौरतलब है कि ओड़ीशा में जगतसिंहपुर जिले के जयबाड़ा सेठी साही गांव में एक छात्र ने आनलाइन गेम खेलने से मना करने पर पत्थर से हमला कर अपने माता–पिता और बहन की हत्या कर दी। खुद को रोके जाने के बाद उसके दिमाग पर हिंसा इस कदर हावी हुई कि उसने तीनों का सिर पत्थर से कुचल दिया।

बच्चों और किशोरों की इंटरनेट तक पहुंच को सीमित किया गया

यह आधुनिक तकनीक का ऐसा चेहरा है, जो बेहद घातक नतीजों के चलते चिंता का कारण बन रहा है। सवाल है कि इंटरनेट की सुविधा से लैस स्मार्टफोन का पर्दा आखिर इतना गहरा मनोवैज्ञानिक असर कैसे डाल रहा है कि कोई व्यक्ति इसके सम्मोहन में आसपास की दुनिया से लेकर खुद की अहमियत भी भूल जाता है। इसमें गुम रहने से या इसकी लत लग जाने के बाद मस्तिष्क की बनावट में कैसे बदलाव होते हैं कि एक किशोर या युवा की नजर में जीवन और उसकी वास्तविकताओं की कोई कीमत नहीं रह जाती?

यह स्थिति तकनीक को लेकर हद से ज्यादा मुग्ध होने को कठघरे में खड़ा करती है और इसके सीमित इस्तेमाल की जरूरत रेखांकित करती है। मोबाइल में गुम रहने की लत के चलते बच्चों तक के बीच आत्महत्या या हत्या जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। अगर समय रहते इसे रोकने की ठोस और नीतिगत पहल नहीं की गई, तो आने वाले वक्त में इसके बेहद दुखद नतीजे देखने को मिल सकते हैं। कई देशों में बच्चों और किशोरों की इंटरनेट तक पहुंच को सीमित किया गया है, लेकिन इस मसले पर एक व्यापक नीति की जरूरत है।

# सरकार ने प्लैटिनम मिश्र धातु के आयात पर लगाया प्रतिबंध

## आयातकों को अब लेनी होगी डीजीएफटी से मंजूरी



**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को 99 प्रतिशत से कम शुद्धता वाले प्लैटिनम मिश्र धातु पर आयात प्रतिबंध लगा दिया। सरकार की ओर से यह कदम भारी मात्रा में सोने के साथ मिश्रित इस बहुमूल्य धातु के अवैध आयात पर अंकुश लगाने के लिए उठाया गया है। सरकार ने बुधवार को 99 प्रतिशत से कम शुद्धता वाले प्लैटिनम मिश्र धातु पर आयात प्रतिबंध लगा दिया। सरकार की ओर से यह कदम भारी मात्रा में सोने के साथ मिश्रित इस बहुमूल्य धातु के अवैध आयात पर अंकुश लगाने के लिए उठाया गया है। ऐसे प्लैटिनम मिश्र धातुओं के आयातकों को अब इनबाउंड शिपमेंट के लिए विदेश व्यापार महानिदेशालय से आयात प्राधिकरण प्राप्त करना आवश्यक है।

यह निर्णय ऐसे कुछ मामलों के बाद लिया गया है, जहां सोने और प्लैटिनम के बीच टैरिफ अंतर का फायदा उठाने के लिए इस मिश्र धातु को काफी मात्रा में सोने के साथ मिश्रित करके आयात किया गया था। डीजीएफटी ने एक अधिसूचना में कहा, प्लेटिनम की आयात नीति को मुक्त से संशोधित कर प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह बदलाव प्लैटिनम के भार के अनुसार 99 प्रतिशत या उससे अधिक शुद्धता वाले प्लैटिनम मिश्र धातु पर लागू नहीं होगा।

आभूषण निर्माण और औद्योगिक उपयोग के लिए प्लैटिनम की आपूर्ति सुचारू बनी रहे इसके लिए सरकार ने 99 प्रतिशत या उससे अधिक शुद्धता वाले प्लैटिनम मिश्र धातु के अप्रतिबंधित आयात की मंजूरी दे दी है।

आर्थिक थिंक टैंक जीटीआरआई ने पिछले वर्ष भारत-यूएई व्यापार समझौते की तत्काल समीक्षा की मांग की थी। समझौते में कहा गया था कि यह समझौता शून्य टैरिफ के साथ यूएई से भारत में सोने, चांदी, प्लैटिनम और हीरे के असीमित आयात की अनुमति देता है। जीटीआरआई ने कहा था कि वर्तमान में दुबई से सोने का आयात 5 प्रतिशत शुल्क पर किया जा सकता है, लेकिन यदि मिश्र धातु में 2 प्रतिशत प्लैटिनम है तो यह तीन वर्षों में शून्य हो जाएगा। जीटीआरआई ने यह भी दावा किया था कि कई आयात मूल नियमों की शर्तों को पूरा नहीं करते हैं और इसलिए, रियायतों के लिए योग्य नहीं हैं। अक्तूबर 2024 में, भारत ने यूएई से चांदी के उत्पादों, प्लैटिनम मिश्र धातु और सूखे खजूर के आयात में उछाल पर चिंता जताई और देश से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत नियमों को दरकिनार न किया जाए। यूएई ने भारत द्वारा उठाई गई चिंताओं की जांच करने पर सहमति जताई थी।

# अमेरिकी बाजारों में बढ़ेगा भारतीय उत्पादों का निर्यात

## तीन देशों पर उच्च टैरिफ लगाने से बनी संभावना

**नई दिल्ली।** अमेरिका के चीन, मेक्सिको व कनाडा पर उच्च टैरिफ लगाने से भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में निर्यात बढ़ाने में मदद मिल सकती है। ट्रंप प्रशासन ने मेक्सिको और कनाडा पर 25 फीसदी पर टैरिफ लगा दिया है। साथ ही, सभी चीनी आयातों पर शुल्क को दोगुना कर 20 फीसदी कर दिया है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) के अध्यक्ष पद के लिए मनोनीत एससी रल्हन ने कहा, तीनों देशों पर टैरिफ लगाने से कृषि, इंजीनियरिंग, मशीन टूल्स, परिधान, कपड़ा, रसायन और चमड़ा जैसे क्षेत्रों में भारतीय निर्यातकों को लाभ मिलने की उम्मीद है। रल्हन ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए उच्च टैरिफ चीन, मेक्सिको और कनाडा से अमेरिका को होने वाले निर्यात को प्रभावित करेंगे, क्योंकि वे अमेरिकी बाजार में अपने उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी करेंगे। इससे निर्यात के मोर्चे पर तीनों देश कम प्रतिस्पर्धी हो जाएंगे। यह भारतीय निर्यातकों के लिए बड़ा अवसर है और इन्हें अमेरिकी बाजार में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए इनका लाभ उठाना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान जब अमेरिका ने चीन आयातित वस्तुओं पर उच्च टैरिफ लगाया था, तब भारत चौथा सबसे बड़ा लाभार्थी रहा था। व्यापक एफटीए पर भारत को रहना होगा सतर्क जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, 2018-19 में नॉर्थ अमेरिकन फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एनएएफटीए) को यूएस-मेक्सिको-कनाडा एफटीए (यूएसएमसीए) से बदलने के बाद डोनाल्ड ट्रंप अब खुद ही अपने फैसले से



खुश नहीं हैं। ऐसी स्थिति से बचने के लिए भारत को अमेरिका के साथ व्यापक एफटीए पर बातचीत को लेकर सतर्क रहना चाहिए। इससे भी बुरी बात यह है कि बातचीत की मेज पर अमेरिका भारत से न सिर्फ टैरिफ में कटौती की मांग कर सकता है, बल्कि सरकारी खरीद को खोलने, कृषि सब्सिडी घटाने, पेटेंट सुरक्षा को कमजोर करने और अप्रतिबंधित डाटा प्रवाह की अनुमति देने जैसी अतिरिक्त रियायतें भी मांग सकता है। हालांकि, भारत इसका विरोध करता रहा है।

# निफ्टी में 10 दिन से जारी गिरावट पर विराम

## 23300 के पार सूचकांक, सेंसेक्स 740 अंक चढ़ा



**नई दिल्ली।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स 740.30 (1.01%) अंकों की बढ़त के साथ 73,730.23 पर पहुंच गया। वहीं निफ्टी में बीते 10 दिनों से जारी गिरावट बुधवार को थम गई और 50 शेयरों का यह सूचकांक 254.65 (1.15%) अंक उछलकर 22,337.30 के स्तर पर बंद हुआ।

घरेलू शेयर बाजार में लंबे समय बार बुधवार को खरीदारी दिखी। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स 740.30 (1.01%) अंकों की बढ़त के साथ 73,730.23 पर पहुंच गया। वहीं निफ्टी में बीते 10 दिनों से जारी गिरावट बुधवार को थम गई और 50 शेयरों का यह सूचकांक 254.65 (1.15%) अंक उछलकर 22,337.30 के स्तर पर बंद हुआ।

# अधिकारियों को मिले कई कानूनी अधिकार

## कर चोरी मामले में संपत्ति जब्त कर सकता है आयकर विभाग

**नई दिल्ली।** आयकर बिल के क्लॉज-247 के मुताबिक, अगर किसी व्यक्ति के पास अज्ञात आय, संपत्ति या खातों से संबंधित कोई जानकारी लॉकर, तिजोरी या बक्से में बंद है और उसकी चाबी नहीं है तो आयकर विभाग के पास उसे तोड़ने का भी अधिकार है। वे किसी भी इमारत और स्थान पर प्रवेश कर तलाशी ले सकते हैं। अगर आपने अपनी कमाई, संपत्तियों एवं अन्य मूल्यवान वस्तुओं के बारे में सही जानकारी नहीं देकर टैक्स चोरी की, तो उसकी जांच के लिए आयकर विभाग आपके घर की तलाशी ले सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि, विभाग को एक अप्रैल, 2026 से ऐसा करने का कानूनी अधिकार मिल





जाएगा। विभाग को ऐसे अधिकार देने की व्यवस्था नए आयकर बिल-2025 में की गई है। विभाग कर चोरी की जांच के लिए जरूरत पड़ने पर संपत्तियां भी जब्त कर सकता है। मौजूदा आईटी अधिनियम-1961 की धारा-132 कर अधिकारियों को तलाशी लेने के साथ संपत्तियों और सभी तरह के खातों को जब्त करने का अधिकार देती है। हालांकि, ईमानदार करदाताओं को इसमें कोई परेशानी नहीं होगी।

सिरिल अमरचंद मंगलदास के टैक्स विशेषज्ञ एसआर पटनायक का कहना है कि यह तलाशी और जब्ती सिर्फ अपवाद के तौर पर होनी चाहिए, न कि नियम के रूप में। डिजिटल स्पेस में हर व्यक्ति की निजता का सम्मान जरूरी है, इसलिए इस कानून का उपयोग सिर्फ ठोस कारणों के आधार पर किया जाना चाहिए। अज्ञात आय पर लॉकर और तिजोरी भी तोड़ सकेंगे अधिकारी आयकर बिल के क्लॉज-247 के मुताबिक, अगर किसी व्यक्ति के पास अज्ञात आय, संपत्ति या खातों से संबंधित कोई जानकारी लॉकर, तिजोरी या बक्से में बंद है और उसकी चाबी नहीं है तो आयकर विभाग के पास उसे तोड़ने का भी अधिकार है। वे किसी भी इमारत और स्थान पर प्रवेश कर तलाशी ले सकते हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अंतरिक्ष यात्री लगभग 15 सूर्योदय और 15 सूर्यास्त को हर रोज देखते हैं।
- स्पेस में पहली सेल्फी 1966 में बज एल्ड्रिन द्वारा खींची गई थी। अब इसकी कीमत 6 लाख रूपए हैं।
- लाइका नामक कुतिया ने 13 नवंबर साल 1957 को स्पूतनिक सेकंड यान में बैठकर धरती का चक्कर लगाया था। हालांकि वह पृथ्वी पर जीवित वापस नहीं आ पाई थी।
- अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन कभी भी बनाया गया सबसे महंगी वस्तु है, 150 बिलियन अमरीकी डॉलर में।
- अंतरिक्ष स्टेशन में सोना काफी चुनौती भरा होता है। अंतरिक्ष यात्री को सोने के लिए काफी मेहनत करनी होती है। उन्हें आंखों पर पट्टी बांध कर एक बंकर में सोना होता है ताकि वह तैरने और इधर–उधर टकाराने से बच सके।
- 20 जुलाई, 1969 को अमेरिका के अपोलो 11 मिशन के जरिए चांद पर पहली बार इंसान के कदम पड़े थे। नील आर्मस्ट्रांग ने चांद पर कदम रखते हुए कहा एक छोटा–सा कदम, लेकिन मानवता के लिए एक लंबी छलांग।

## राशिफल

**मेष:** दोस्तों के साथ शाम सुखद रहेगी ज्यादा खाने और मदिरापान से बचें। रचनात्मक प्रतिभा को सही तरीके से इस्तेमाल करें तो वह काफी फायदेमंद साबित होगी।

**वृष:** बाहर का और खुला खाना खाते वक़्त खास तौर पर बचाव पर ध्यान देने की जरूरत है। हालाँकि बिना वजह तनाव न लें, क्योंकि मानसिक कष्ट दे सकता है।

**मिथुन:** दूसरों के सफलता को सराहकर लुत्फ ले सकते हैं। आज अपना धन खर्च करने की जरुरत नहीं पड़ेगी क्योंकि घर का कोई बड़ा आज आपको धन दे सकता है।

**कर्क:** आज आप खुद को सुकून में और जिंदगी का लुत्फ उठाने के लिए सही मनोदशा में पाएंगे। आपका पैसा तभी आपके काम आएगा जब आप उसको संचित करेंगे।

**सिंह:** शारीरिक व्यायाम और वजन घटाने की कोशिशें आपके रूप–रंग को निखारने में फायदेमंद साबित होंगी। पैसे कमाने के नए मौके मुनाफा देंगे।

**कन्या:** शारीरिक लाभ के लिए, विशेषकर मानसिक तौर पर मजबूती हासिल करने के लिए ध्यान और योग का आश्रय लें। माता पक्ष से धन लाभ होने की संभावना है।

**तुला:** खेल–कूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो तन्दुरुस्त बनाए रखेगा। कार्यक्षेत्र में या करोबार में कोई लापरवाही आज आपको आर्थिक नुक्सान करा सकती है।

**वृश्चिक:** आपका सबसे बड़ा सपना हकीकत में बदल सकता है। लेकिन अपने उत्साह को काबू में रखें, क्योंकि ज्यादा खुशी भी परेशानी का सबब बन सकती है।

**धनु:** मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें, जो आध्यात्मिक जीवन के लिए आवश्यक है। मस्तिष्क जीवन का द्वार है, अच्छा–बुरा सब–कुछ इसी के माध्यम से आता है।

**मकर:** आज खेल–कूद में हिस्सा लेने की जरूरत है, क्योंकि चिर यौवन का रहस्य यही है. सिर्फ अक़्लमंदी से किया गया निवेश ही फलदायी होगा।

**कुंभ:** भागमभाग भरे दिन के बावजूद आपकी सेहत पूरी तरह दुरुस्त रहेगी। करीबी रिश्तेदारों के घर जाना आज आपकी आर्थिक स्थिति को बिगाड़ सकता है।

**मीन:** सेहत अच्छी रहेगी। आज आपको अपनी संतान की वजह से आर्थिक लाभ होने की संभावना नजर आ रही है। इससे आपको काफी खुशी होगी।

## चुटकुले

एक शराबी डॉक्टर के पास पहुंचा और बोला– डॉक्टर साहब मैं कई दिनों से बीमार हूं
डॉक्टर बोला – तुम्हारा लिवर फूल गया है
शराबी – इसका मतलब कि अब इसमें और ज्यादा दारू आ सकती है! डॉक्टर चुप और शराबी मस्त

लड़का– कल से हम कहीं और मिलेंगे।
लड़की– क्यों
लड़का– बड़े जालिम हैं तेरी गली के बच्चे।
लड़की– क्यों क्या हुआ?
लड़का– कुत्ते पीछे लगाकर कहते हैं 'जब प्यार किया तो डरना क्या।'

चिंटू– परसों मेरी बीवी कुए में गिर गई बहुत चोट लगी बेचारी बहुत चीख रही थी।
दोस्त–अब कैसी है?
चिंटू–अब ठीक है कल से कुए में से आवाज नहीं आ रही है।





प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## न्यूज डायरी

### धार्मिक आयोजन के दौरान नगदी चुराकर भाग रहे चोर को दबोचा

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** खाटू श्याम बाबा के कीर्तन के दौरान एक चोर ऊपरी मंजिल के कमरे में जा घूसा ओर उसने नगदी चुरा ली। परिजनों ने चोरी करते देख शौर मचा दिया। जब वह धक्का देकर भागने लगा तभी कीर्तन में आये लोगो ने पीछाकर उसे दबोच लिया ओर चुराई गई, नगदी के साथ पुलिस को सौंप दिया। तिबडा रोड स्थित नेहरू कालोनी निवासी विशाल सिंघल के आवास पर जब देर सांय खाटू श्याम का कीर्तन पहली मंजिल पर हो रहा था, इस बीच एक युवक दूसरी मंजिल के कमरे मे जा पहुंचा ओर उसने कमराबंद कर अलमारी खंगाल डाली ओर उसमे अलमारी में रखी करीब दो हजार की नगदी चुरा ली। चोरी की यह घटना मकान मालिक विशाल ने देख शौर मचा दिया। शोर सुनकर विशाल, गौरव व उसके रिश्तेदार भारत सिंघल आदि ने उसका पीछाकर दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम आशु पुत्र मनोज जाटव निवासी इंद्रापुरी थाना मोदीनगर बताया पुलिस ने उसके पास से चोरी की नगदी भी बरामद की है। पुलिस आरोपी को थाने ले आई ओर पूछताछ कर रही हैं।

### वाहन चोरी की घटनाओं में हो रही वृद्वि
### बैंकटहॉल व घर के बाहर खड़े वाहनों को बना रहे चोर निशाना

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** आये दिन वाहन चोरी की घटना में बढ़ोतरी हो रही है। शादी ब्याह के मौके व घर के बाहर खड़े वाहनों पर चोरो की सक्रियता बढ़ गयी हैं। कादराबाद स्थित एक बैकंटहाल मे आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने गये युवक की स्क्रापियो कार चोर चुरा ले गये। थानान्तर्गत गांव तिबडा निवासी सत्येंद्र कुमार के परिचित कृष्णाकुंज निवासी कृष्णपाल के पौते की शादी समारोह का आयोजन कादराबाद स्थित एक बैकंटहाल में रखा गया था। समारोह में शामिल होने गये सत्येंद्र कुमार ने अपनी स्क्रॉपियों कार समीप में एक स्कूल गेट के बाहर लगा दी। इस बीच वाहन चोर उसकी स्क्रॉपियों कार चुरा ले गये। इससे पूर्व भी तीन बैकंटहालो के बाहर से दो बाईक व एक कार चोरी की घटना घट चुकी हैं। इतना ही नही प्रेस क्लब मोदीनगर के अध्यक्ष अरूण वर्मा की कार भी सुरक्षित नही रही। ब्रेजा कार 4 फरवरी को उनके आवास हरमुखुपरी के बाहर खड़ी हुई थी, कि देर रात्री एक अन्य कार में सवार होकर आये चोरों ने उनकी कार चोरी कर ली। एक माह बाद भी चोरी गई कार का पुलिस कोई सुराग नही लगा पाई है। चोरी की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। इस घटना के बाद पत्रकारों में रोष है।

### उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल गोविंदपुरी व अंतरराष्ट्रीय वैश्य समाज का होली मिलन होगा 10 मार्च को

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** होली के पावन त्यौहार के उपलक्ष में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल गोविंदपुरी व अंतरराष्ट्रीय वैश्य समाज मोदीनगर के सौजन्य से एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन 10 मार्च की सांय आयोजित होगा। कार्यक्रम एक्शन रिसोर्ट तहसील के सामने किया जाएगा। होली मिलन कार्यक्रम में कवि सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम व फूलों की होली खेली जायेगी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष व अंतरराष्ट्रीय वैश्य समाज के अध्यक्ष सतेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया। इस बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अमित गोयल गोविंदपुरी के चेयरमैन अमितेज जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोवर्धन सचदेवा, महामंत्री एडवोकेट संजीव कौशिक, कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता, विजयनगर हरमुखपुरी अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, मीडिया प्रभारी नीरज राजपूत, राकेश शर्मा, नितिन गुप्ता, शिवम गुप्ता, मोनू चैधरी व मास्टर नंदकिशोर आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस में शिकायत दर्ज कराने पर, दम्पत्ति ने शिकायतकर्ता को पीटकर किया घायल

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** एक युवक को पडोसी की हरकत की शिकायत पुलिस से करना काफी महंगा पडा। शिकायत करने के बाद घर लौटते समय आरोपी व उसकी पत्नि ने शिकायतकर्ता को बीच सडक पर बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने दम्पत्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैं। राजबाला एनक्लेव, कृष्णानगर निवासी राजेंद्र कौशिक का पडोस में रहने वाले भीम नामक युवक से विवाद हो गया था, जिसे लेकर उसने पुलिस को 112 पर शिकायत दर्ज करा दी थी। इससे क्षुब्ध होकर आरोपी भीम ने राजेंद्र कौशिक को अपने घर के बाहर मेन रास्ते पर रोक लिया ओर पुलिस से शिकायत करने को लेकर भीम व उसकी पत्नि ने उसे पीटना शुरू कर दिया ओर जान से मारने की धमकी दे डाली। पीडित ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगायी हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया हैं।

### होटल में खाने की देरी पर विवाद, एडवोकेट को कर्मचारियों ने डंडों से पीटा, 4 के खिलाफ मामला दर्ज




**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा में एक एडवोकेट से होटल कर्मचारियों ने मारपीट की। यह घटना रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के तिरथली गांव के पास एक होटल में हुई। चंडीगढ़ कोर्ट में एडवोकेट आसिफ कमाल तोमर मंगलवार रात होटल में खाना खा रहे थे। खाने में देरी होने पर उन्होंने कर्मचारियों से जल्दी लाने को कहा। इस बात पर कर्मचारियों ने पहले गाली-गलौज की। जब एडवोकेट ने इसका विरोध किया तो कर्मचारियों ने उन्हें डंडों से पीट दिया। बाद में मौके पर मौजूद लोगों ने एडवोकेट को बचाया। पीड़ित एडवोकेट ने रबूपुरा कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने सोनू, सलमान, सलीम उर्फ मुन्ना समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत का सामना न्यूजीलैंड से

# कीवियों ने साउथ अफ्रीका को 50 रन से हराया; रचिन-विलियम्सन के शतक



**लाहौर।** साउथ अफ्रीका चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में 363 रन का टारगेट चेज कर रही है। टीम ने 49 ओवर के बाद 9 विकेट पर 294 रन बना लिए हैं। डेविड मिलर और लुंगी एनगिडी नाबाद हैं। मिलर फिफ्टी बना चुके हैं। कगिसो रबाडा (16 रन) और रायन रिकेल्टन (17 रन) को मैट हेनरी ने आउट किया। हेनरिक क्लासन (3 रन), रासी वान डर डसन (69 रन) और कप्तान टेम्बा बावुमा (56 रन) को मिचेल सैंटनर ने पवेलियन भेजा। केशव महाराज (एक रन) और मार्को यानसन (3 रन) को ग्लेन फिलिप्स ने आउट किया। वायन मुल्डर (8 रन) को माइकल ब्रेसवेल और ऐडन मार्करम (31 रन) को रचिन रवींद्र ने आउट किया। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में बुधवार को न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और 6 विकेट पर 362 रन बना डाले। यह टूनामेंट इतिहास का सबसे बड़ा टोटल है। ऑस्ट्रेलिया ने इसी मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ 356 रन बनाए थे। अफ्रीकी टीम से रचिन रवींद्र (108 रन) और केन विलियम्सन (102 रन) ने शतकीय पारियां खेलीं, जबकि डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स फिफ्टी बनाने से चूक गए। दोनों ने 49-49 रन बनाए। लुंगी एनगिडी ने 3 विकेट झटके। रबाडा को 2 विकेट मिले। वायन मुल्डर को एक विकेट मिला।

# एक साल से फरार 15 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार, फाइनेंस विवाद में की थी वारदात



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद क्राइम ब्रांच ने एक साल से फरार चल रहे 15 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी दीपू सिंह पर एक ट्रांसपोर्टर की किडनैपिंग और धोखाधड़ी का आरोप है। पुलिस के अनुसार, 16 मार्च 2024 को थाना शालीमार गार्डन में ट्रांसपोर्टर जगदीप कैतुरा की किडनैपिंग का मामला दर्ज हुआ था। जगदीप का शव चार दिन बाद बुलंदशहर की गंग नहर से बरामद किया गया। इस मामले में दीपू सिंह, मनीष और रवि को आरोपी बनाया गया था। 50 लाख की रंगदारी मांगी और जान से मारने की धमकी दी 15 फरवरी 2025 को जगदीप की पत्नी ने एक और मुकदमा दर्ज करवाया। उन्होंने आरोप लगाया कि दीपू सिंह और अन्य आरोपियों ने उनसे 50 लाख की रंगदारी मांगी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दीपू की गिरफ्तारी पर 15 हजार का इनाम घोषित किया था। पूछताछ में दीपू ने बताया कि वह पांचवीं तक पढ़ा है। 2017 में उसने सोनीपत में आदर्श ट्रांसपोर्ट के नाम से कंपनी खोली। 2021 में जगदीप से मुलाकात हुई, जिनकी ऑल आउट नाम से ट्रांसपोर्ट कंपनी थी। 2022 में दोनों ने मिलकर 10 कैंटर लोन पर लिए। 2024 में वित्तीय कारणों से उनकी पार्टनरशिप टूट गई और पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ। बुधवार को क्राइम ब्रांच ने दीपू सिंह को थाना शालीमार गार्डन के ताहीरपुर कट से गिरफ्तार किया।

# टीटी खिलाड़ी शरत कमल ने किया संन्यास का ऐलान



**नई दिल्ली।** भारत के महान टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल ने संन्यास का एलान कर दिया है। उन्होंने बुधवार को घोषणा की कि चेन्नई में इस महीने के आखिर में डब्ल्यूटीटी कंटेंडर टूनामेंट पेशेवर खिलाड़ी के रूप में उनका आखिरी टूनामेंट होगा। विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) टूनामेंट 25 से 30 मार्च तक खेला जाएगा।

### शरत ने संन्यास का एलान करते क्या कहा?

42 वर्ष के शरत कमल ने कहा, 'मैंने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूनामेंट चेन्नई में खेला था और आखिरी भी चेन्नई में ही खेलूंगा। यह पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर मेरा आखिरी टूनामेंट होगा।' पिछले साल पेरिस में पांचवां और आखिरी ओलंपिक खेलने वाले इस दिग्गज ने कहा, 'मैंने राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों में पदक जीते हैं। ओलंपिक पदक मैं नहीं जीत सका।' उन्होंने कहा, 'उम्मीद है कि मैं आने वाली युवा प्रतिभाओं के जरिये अपना सपना पूरा कर सकूंगा।'

शरत कमल ने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में टेबल टेनिस के पुरुष एकल में 16 साल बाद स्वर्ण जीता था। इससे पहले उन्होंने 2006 में पुरुष एकल में स्वर्ण जीता था। शरत का यह राष्ट्रमंडल खेलों में कुल सातवां स्वर्ण पदक रहा था। बर्मिंघम में तीन स्वर्ण के अलावा शरत ने 2006 में पुरुष एकल और पुरुष टीम इवेंट में स्वर्ण, 2010 में पुरुष युगल में स्वर्ण और 2018 में पुरुष टीम इवेंट में स्वर्ण जीता था। इसके अलावा वह 2010 में दो कांस्य, 2014 और 2018 में एक-एक रजत और 2022 में एक रजत जीत चुके हैं। शरत ने राष्ट्रमंडल खेलों में कुल 13 पदक जीते हैं।

### सीडब्लूजी में भारत के तीसरे सबसे सफल एथलीट

शरत राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के सबसे सफल एथलीट्स के मामले में तीसरे स्थान पर हैं। उनसे ज्यादा सिर्फ जसपाल राणा (शूटिंग) और समरेश जंग (शूटिंग) ने पदक जीते हैं। जसपाल के नाम राष्ट्रमंडल खेलों में 15 पदक (9 स्वर्ण) और समरेश के नाम 14 पदक (7 स्वर्ण) हैं। राष्ट्रमंडल खेलों के अलावा शरत एशियन गेम्स में दो पदक जीत चुके हैं। 2018 में जकार्ता एशियन गेम्स में मेन्स टीम और मिक्स्ड डबल्स इवेंट में शरत कमल ने कांस्य जीता था। इसके अलावा वह एशियन चैंपियनशिप्स में दो कांस्य भी जीत चुके हैं। 2021 दोहा एशियन चैंपियनशिप्स में कांस्य जीता था।

# नॉकआउट मैच के बाद रैंकिंग में भी चमके विराट, अय्यर को भी हुआ फायदा, शीर्ष-10 में चार भारतीय



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले विराट कोहली को आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में तगड़ा फायदा हुआ है। वह दो स्थानों की छलांग लगाकर शीर्ष पांच में शामिल हो गए हैं। वहीं, सेमीफाइनल मैच में कोहली के साथ 91 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाने वाले श्रेयस अय्यर ने भी छलांग लगाई है। वह आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में शीर्ष 10 में चार भारतीयों का दबदबा है। पहले स्थान पर 791 रेटिंग प्वॉइंट्स के साथ स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल मौजूद हैं। वह पिछले हफ्ते बाबर आजम को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंचे थे। चौथे स्थान पर विराट कोहली हैं। वहीं, कप्तान रोहित शर्मा को दो पायदानों का नुकसान हुआ है, लेकिन वह शीर्ष पांच में मौजूद हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज श्रेयस अय्यर (195 रन) एक स्थान की छलांग लगाने में कामयाब हुए।

### जादरान को मिला शतकीय पारी का लाभ

विराट कोहली मौजूदा टूनामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं। उन्होंने 72.33 के औसत और 83.14 के स्ट्राइक रेट से 217 रन बनाए हैं। उन्होंने हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद शतक लगाया था। वहीं, अफगानिस्तान के बल्लेबाज इब्राहिम जादरान को इंग्लैंड के खिलाफ 177 रनों की शानदार पारी खेलने का फायदा हुआ है। वह 13 स्थानों की छलांग लगाकर शीर्ष 10 में शामिल हो गए।

### जडेजा नौवें पायदान पर मौजूद, अक्षर ने लगाई लंबी छलांग

ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में भारत के अक्षर पटेल को तगड़ा फायदा हुआ है। वह 17 स्थानों के फायदे के साथ 13वें पायदान पर पहुंच गए हैं। शीर्ष 10 में रवींद्र जडेजा के अलावा कोई मौजूद नहीं है। वह नौवें पायदान पर 213 रेटिंग प्वॉइंट्स के साथ बने हुए हैं। वहीं, अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह उमरजई दो स्थानों के फायदे के साथ शीर्ष ऑलराउंडर बन गए हैं। उन्हें दो स्थानों का लाभ हुआ है।

# टीम इंडिया ने अभी तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया, उम्मीद है...', कोच गौतम गंभीर का बयान



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंच गई है। रोहित एंड कंपनी अभी तक इस टूनामेंट में अजेय है। हालांकि, मुख्य कोच गौतम गंभीर को लगता है कि अभी तक उनकी टीम ने सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखाया है। उन्हें उम्मीद है कि रविवार को फाइनल में भारत से सर्वश्रेष्ठ खेल देखने को मिलेगा। भारत ने मंगलवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हरा दिया था। इस मैच में स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 84 रन की पारी खेली थी। गंभीर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'अंतरराष्ट्रीय खेल में आप लगातार बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। आप यह नहीं कहते कि पूरी तरह से परफेक्ट खेल दिखाया। अभी तक हमने परफेक्ट प्रदर्शन नहीं किया है। मैं कभी भी प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं होऊंगा।' उन्होंने उम्मीद जताई कि भारतीय टीम नौ मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में ऐसा कर पाएगी। गंभीर ने कहा, 'क्रिकेट का मतलब अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलना ही है। आप इसी तरह से निखरते हैं। अगर सभी कम्फर्ट जोन में रहेंगे तो जड़ता आ जाएगी। हमारे ड्रेसिंग रूम में सब कम्फर्ट जोन से बाहर रहते हैं, चाहे कोचिंग स्टाफ हो या खिलाड़ी और आगे भी वही करेंगे जो भारतीय क्रिकेट के लिए अहम है।'

### 'उम्मीद है नौ मार्च को...'

उन्होंने कहा, 'अभी हमें एक मैच और खेलना है। उम्मीद है कि वह परफेक्ट खेल होगा। हम लगातार अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं और क्रिकेट के मैदान पर बेरहम, लेकिन मैदान से बाहर विनम्र रहना चाहते हैं।' भारत ने चार स्पिनरों को उतारने, अक्षर पटेल को पांचवें नंबर पर भेजने और केएल राहुल को छठे नंबर पर उतारने जैसे साहसिक फैसले भी लिए। बाहर से यह भले ही अतार्किक लगे, लेकिन गंभीर के लिए रणनीति में ये मामूली बदलाव खिलाड़ियों को कम्फर्ट जोन से बाहर रखकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने के लिए जरूरी है।


### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनीष कुमार सिंह ने स्वयं को यूनिटी अपार्टमेन्ट सोशल वैलफेयर एसोसिएशन, प्लॉट नं0-29 4 फ्लोर, फ्लैट नं0-3 गेट नं0 11, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन 1, साहिबाबाद, जिला गाजियाबाद का अध्यक्ष बताते हुए सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अन्तर्गत पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व आलेख प्रस्तुत किये हैं। आलेखों के अनुसार सर्वश्री अमित कुमार उपाध्यक्ष, मनोज कुमार झा एवं दिनेश कुमार कैशियर, अमित कुमार पाण्डेय ऑडिटर, पीयूष कान्त गर्ग ऑडिटर, थोमसकुती एनए एवं अमित शर्मा सदस्य के रूप में दशार्ये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत समिति के पंजीकरण के विरूद्ध आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण दोष के आधार पर समिति के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

आज्ञा से,
डिप्टी रजिस्ट्रार, फर्म्स,
सोसाइटीज एवं चिट्स, गाजियाबाद


# चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हुए ऑस्ट्रेलिया को एक और झटका, स्टीव स्मिथ ने वनडे से लिया संन्यास






**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में भारत से मिली हार के बाद ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को एक और झटका लगा है। टूनामेंट में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कमान संभालने वाले स्टीव स्मिथ ने वनडे प्रारूप को अलविदा कह दिया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को इसकी घोषणा की है। ऑस्ट्रेलिया को मंगलवार को भारत के हाथों चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में स्मिथ टीम की कमान संभाल रहे थे। वह टेस्ट खेलते रहेंगे और टी20 अंतरराष्ट्रीय में वह काफी समय से टीम से बाहर चल रहे हैं।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा कि स्मिथ ने अपने साथी खिलाड़ियों को भारत से चार विकेट से मिली हार के बाद अपने फैसले से अवगत करा दिया था। वह टी20 और टेस्ट क्रिकेट खेलते रहेंगे। स्मिथ ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह दूसरों के लिये रास्ता बनाने का सही समय है। यह शानदार सफर रहा और मैने हर पल का मजा लिया।' उन्होंने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट प्राथमिकता है और मैं विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल को लेकर उत्साहित हूं। इसके बाद वेस्टइंडीज और इंग्लैंड से खेलना है। मुझे लगता है कि अभी भी योगदान दे सकता हूं।'

### कोहली ने स्मिथ को गले लगाया

मंगलवार को टीम इंडिया की जीत के बाद कोहली स्मिथ से गले मिलते दिखे थे। इसे 35 साल के स्मिथ के संन्यास से भी जोड़ा जा रहा है। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं है कि स्मिथ ने कोहली को इसकी जानकारी दी थी या नहीं। स्मिथ और कोहली दोनों को मौजूदा समय के चार सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में गिना जाता है। स्मिथ को जहां टेस्ट में महारत हासिल है, वहीं कोहली को वनडे में बेस्ट माना जाता है।

### स्मिथ का वनडे करियर

स्मिथ ने ऑस्ट्रेलिया के लिए कुल 170 वनडे खेले और 5800 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 43.28 का और स्ट्राइक रेट 86.96 का रहा। वनडे में उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी 164 रन की है। वनडे में उन्होंने 35 अर्धशतक और 12 शतक लगाए हैं। स्मिथ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में कुछ फॉर्म में नहीं थे। उन्होंने तीन पारियों में 48.50 की औसत से 97 रन बनाए थे। भारत के खिलाफ 73 रन उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी रही। स्मिथ को शमी ने फुल टॉस गेंद पर क्लीन बोल्ड किया था। स्मिथ ने 19 फरवरी, 2010 को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे डेब्यू किया था। वह 2015 और 2023 में दो बार वनडे विश्व कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा रह चुके हैं। हालांकि, स्मिथ टेस्ट में अपनी बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं और उन्होंने सबसे लंबे प्रारूप में कई रिकॉर्ड्स बनाए हैं।


## कार्यालयः नगर पालिका परिषद खोड़ा-मकनपुर गाजियाबाद।

पत्रांकः 161/न0पा0प0खो0/ई-निविदा/2025 दिनांकः 05 मार्च, 2025

### ई प्रोक्योरमेन्ट/ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद खोड़ा-मकनपुर हेतु निकाय क्षेत्र के मकानों का सर्वे, स्टिकर बनाने, स्टीकर लगाने एवं कार्य का डिजिटल ऑकड़ा उपलब्ध कराने का कार्य (दर प्रति भवन दे) एवं निकाय क्षेत्र खोड़ा-मकनपुर में वार्ड-8 मो0 प्रगति विहार में थापर गेट का नव निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिये गये नियम व शर्तों के अनुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा अभिलेख एवं शर्तो वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांकः 06.03.2025 की प्रातः 10:00 बजे से 21.03.2025 के दोपहर 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें। जहां से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांकः 21.03.2025 के दोपहर 12:00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाइन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते है। टैण्डर एवं उससे सम्बन्धित शर्ते जिले की वेबसाइट www.ghaziabad.nic.in पर भी देखी जा सकती हैं।

| | |
|---|---|
| E-Tender Reference | Ltr.No-:159/निविदा सूचना/न0पा0परि0खो0म0/202 दिनांकः 05 मार्च 2025 एवं 160/न0पा0परि0खो0/ई-निविदा 2025 दिनांकः 05 मार्च 2025 |
| Publish and Time for RFP | 06.03.2025 को प्रातः 10:00 बजे |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 21.03.2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे |
| Date and time of Opening Tender | 21.03.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे |
| Place of Opening of E-Tender | Office Nagar Palika Parishad Khora-Makanpur, Dist. Ghaziabad |
| E-Tender Document Processing | As per Tender list. |

(नवनीत गुप्ता)
अवर अभियन्ता (जल)

(अभिषेक कुमार)
अधिशासी अधिकारी

(मोहिनी शर्मा)
अध्यक्ष

# स्वर्गीय चौधरी रिछपाल सिंह की पुण्य तिथि पर दी गई श्रद्धांजलि







गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी के पिता स्वर्गीय रिछपाल सिंह की 20वीं पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर हवन पूजन किया गया। पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी के पैतृक गांव महमद पुर में परिवार के सभी लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।




## वो ना दे ज्यादा ज्ञान और सुंदरकांड पाठ सुनने पर दें ध्यान

पुरानी रामलीला की नई कमेटी आज सुंदरकांड के पाठ के साथ विधिवत काम शुरू करेगी। फागुन महोत्सव के स्थान पर सुंदर कांड का पाठ होगा क्योंकि समय उतना नही है जितना इस तरह के आयोजन में चाहिये होता है। नई कमेटी और भरा पूरा फंड मगर प्रसाद का इंतजाम ज्ञान और अनिल करेगें। राम वालों ने ही सवाल उठाया कि जब राम के खाते में पैसे हैं तो फिर राम के प्रसाद का इंतजाम ज्ञान क्यों करेगें। इस पर जवाब भी कमेटी के कोषाध्यक्ष का आया है। उन्होने कहा कि कोई हमें ज्यादा ज्ञान न दे। राम के काम में कमेटी का धन खर्च होगा मगर कमेटी के सदस्यों के खानपान में तो अभी कई ज्ञान आयेगें। इस बार ही नही हर बार ही प्रसाद का इंतजाम मेंबरों की तरफ से ही होगा। कोषाध्यक्ष ने सलाह दी है कि जिन्हे दिक्कत हैं वो केवल सुंदरकांड का पाठ सुने और चाय पकौड़ों की तरफ ध्यान ही न दें। बेहतर होगा कि वो खाने पर ध्यान ही न दे और वो ऐसे मामलों में ज्यादा ज्ञान भी न दें। वो चाहें तो प्रसाद भी न ले इतना समझ लें कि हमें जनादेश काम के लिये मिला है पकौड़ो के ज्ञान के लिये नही।

## जब भाजपा वाले ने उठा लिया दूसरी घंटी पर ही कांग्रेस वाले का फोन

पहली सरकार में तकरार ही इस बात को लेकर रही कि अधिकारी नही सुनते हैं। हाल दूसरी पारी में भी कुछ ऐसा ही है विधायकों को गिला इस बात का है कि अफसर उनके फोन नही उठा रहे हैं और ताजा सितम अब ये है कि अफसर तो छोड़ो खुद फूल वाले ही फूल वालों की नही सुन रहे हैं। जो कल तक पता नही किस किस के उठा रहे थे वो अब फूल वालों के ही फोन नही उठा रहे हैं। किस्सा लहर वाले वार्ड का हैं और किस्से में पार्षद हसबैंड भी हैं और मडंल वाली वरिष्ठ भाजपाईन भी हैं, किस्से में मौहल्ले वाले भी हैं। सितम ये हो रहा है कि लहर में नेता जी की वाईफ जीत गईं और उसके बाद उन्हे किसी ने वार्ड में नही देखा। हसबैंड का आलम ये है कि माली भी नही सुनता। मेंबर हसबैंड मौहल्ले वालों के फोन ही नही उठाते। मडंल वाली भाजपाईन में मामला कांग्रेस के नेता को बताया। कांग्रेस वाले नेता ने तत्काल ही भगवा हसबैंड को फोन मिलाया और कमाल तब हुया जब भगवा हसबैंड ने कांग्रेस नेता का फोन दूसरी घंटी पर ही उठा लिया इस पर फिर दोनो तरफ से नोकझोंक भी हुई और फूल वालों के इंटरनल मैटर को कांग्रेस वाले नेता ने शांत कराया। गिला अब काम को लेकर नही है गिला तो अब इस बात को लेकर है कि हम भाजपा वालों के तुम फोन नही उठाआगें और कांग्रेस वालों के फोन को दूसरी घंटी में ही उठाआगें। भाजपाईन अपने वार्ड में मेंबर को लेकर एंगर में हैं।

## ये बात पुलिस को बताना बदल लिया है आईपीएल सटोरियों ने ठिकाना

आईपीएल महाकुंभ से पहले ही शहर में सटोरियों ने पूरा सिस्टम बिठा लिया है। पता चला है कि आईपीएल की सटोरिया इलेवन ने अपना ठिकाना बदल लिया है। किसी ने दिल्ली में ठिकाना बनाया है तो कोई नेपाल से श्रीलंका तक जुआ खेल आया है। स्लोली स्लोली चलते हुये गिनवा देगें कि कौन सा आईपीएल सटोरिया इन दिनो कहां रह रहा है। उन्हे कोई समझाये कि ठिकाने बदलने से निशाने नही बदलते हैं। पुलिस को भी पता है कि सटटा इलेवन ने ठिकाना बदला है। इस बार सुना है कि गेम में हिमायती भी कूटे जायेगें। आने दो जरा आईपीएल की बेला फिर देखना होता है यहां कौन सा खेला।




## एक थ्री-स्टार को मिल गया सही ठिकाना

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वैसे तो बड़ी संख्या में थ्री-स्टार हैं, पर आजकल कईयों के गृह और नक्षत्र ठीक नहीं चल रहे हैं। वहीं कुछ ऐसे हैं जो अपनी वर्किंग को लगातार एक समान रखते हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों ने बताया है कि बीते दिनों एक थ्री और टू-स्टार पर कृपा हुई है। दो नामों वाली इस लिस्ट की चर्चा पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में हो रही है। सुनने में आ रहा है कि एक थ्री-स्टार पर कृपा की जानकारी मिली है। बताया जा रहा है कुछ दिन पहले ही वो थाने से आउट हुए, तो फिर एक खास कार्यालय में इन हो गए हैं। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उनको सिटी के उस थाने में भेजा गया था जो पोस्टिंग वाला थाना माना जाता है। कुछ दिन में ही वह वहां से बाहर निकले और एक खास कार्यालय में पहुंच गए हैं। बताया जा रहा है जिस थ्री-स्टार पर भरोसा जताया गया है, उनकी वर्किंग बढ़िया रही है। वह लाइन पार के इलाके में लंबे समय तक थाने के प्रभारी रहे हैं और अब फिर खास जगह पहुंचे हैं। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में हालात चल रहे हैं, वैसे में थ्री-स्टार का अलग वर्किंग स्टाइल है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि एक टू-स्टार जो लंबे समय से एक खास ऑफिस पर थे, उनको भी वहां से हटाकर दूसरी जगह भेजा गया है, पर उनको जहां भेजा गया है, वहां वाले कहां गए हैं, इसकी जानकारी नहीं है। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इन दिनों चर्चा चल रही है कि आने वाले दिनों में जो मीटिंग और निरीक्षण वाला कार्यक्रम चलना है, उसके कई परिणाम भी सामने आ सकते हैं। वहीं सूत्रों द्वारा जानकारी दी गई है कि 112 वाला रिकॉर्ड लगातार टूट रहा है, जिसकी चर्चा प्रदेश स्तर पर शुरू हो गई है। सुनने में आ रहा है कि ई सम्मन एप वाले मामले में भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद का नदिया पार वाला सर्किल टॉप पर रह सकता है। तो वहीं सिटी वाले भी प्रदर्शन बेहतर कर रहे हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आने वाले दिनों में कुछ और सूचनाओं अलग-अलग स्तर की सुनाई दे सकती हैं। तो वही होली से पहले किसी को गिफ्ट भी मिल सकता है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि आने वाले दिनों में कुछ और छोटे बदलाव देखने को मिल सकते हैं। जिसका सिटी, देहात और नदिया पार तीनों जोन में असर दिखाई देगा।





## मेरठ में मंडलायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मंगलवार को मंडलायुक्त हरिकेश भास्कर यशोद ने मंडलीय उद्योग बंधु की मीटिंग की अध्यक्षता की। इस बैठक में गाजियाबाद इंडस्ट्रीज फेडरेशन के अध्यक्ष अरूण शर्मा ने सड़क, नाली, प्रकाश ,ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना व कई कंपनी के आर्बिटेशन के बाद भी पेमेंट की रिकवरी से संबंधित मुद्दे का ज्ञापन दिया गया।

# शादी समारोह में लूट करने वाला बदमाश गिरफ्तार, पैर में गोली लगी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना अंकुर विहार क्षेत्र में पुलिस ने एक शातिर बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। बदमाश की पहचान दिल्ली निवासी शादाब के रूप में हुई है। वह मूल रूप से बिजनौर का रहने वाला है। एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार के अनुसार, पुलिस चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार को रोका गया। बदमाश ने पुलिस पर तमंचे से फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी। पूछताछ में पता चला कि शादाब गाजियाबाद और दिल्ली में शादी समारोहों को अपना निशाना बनाता था। वह पहले अपने टारगेट की रेकी करता था। जब कोई व्यक्ति पैसे या जेवरात से भरा बैग लेकर अकेला मिलता, तो वह लूट कर फरार हो जाता था। पुलिस ने बदमाश के पास से चोरी की बाइक, 37,000 रुपये नकद और एक अवैध तमंचा बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ दो दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।



# फ्रांस के प्रधानमंत्री ने एक बार फिर यूक्रेन के मुद्दे पर अमेरिका को लताड़ा, बोले- मदद रोकना असहनीय

**पेरिस ।** फ्रांस के प्रधानमंत्री ने एक बार फिर यूक्रेन के मुद्दे पर अमेरिका को लताड़ लगाई है। साथ ही उन्होंने अमेरिका द्वारा यूक्रेन की मदद रोके जाने को असहनीय बताया। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को जिस तरह से बेसहारा छोड़ दिया गया है, वह एक तरह से रूस की संभावित जीत है।

बायरू ने कहा कि 'युद्ध में दी जा रही मदद रोकने का मतलब है कि आक्रमणकारी देश को बख्शना और ये माना जा सकता है कि आक्रमणकारी देश ही जीतेगा। यह बेशक असहनीय है।' गौरतलब है कि फ्रांसीसी पीएम लगातार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साध रहे हैं।

उन्होंने यूक्रेन पर तुरंत युद्ध रोकने का दबाव बनाने की भी



**फ्रांस के पीएम फ्रांकोइस बायरू ने मंगलवार को फ्रांसीसी सीनेटर्स को संबोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तीखी आलोचना की और कहा कि वे मदद रोकने की बात करके किसे बेवकूफ बना रहे हैं।**

आलोचना की और कहा कि यूक्रेन अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है और उस पर इस तरह दबाव बनाना गलत है। बायरू ने कहा कि 'अगर रूस हमले रोकता है तो लड़ाई खत्म होगी, लेकिन अगर यूक्रेन ने लड़ना बंद कर दिया तो इसका मतलब होगा कि यूक्रेन ही खत्म हो जाएगा।'

**फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने यूक्रेनी राष्ट्रपति को मिलाया फोन :** इससे पहले सोमवार को भी बायरू ने अमेरिका पर निशाना साधा था। उन्होंने बीते दिनों ओवल ऑफिस में ट्रंप द्वारा जेलेंस्की का अपमान करने का आरोप लगाया। गौरतलब है कि अमेरिका ने सोमवार को यूक्रेन की मदद रोकने का एलान किया है।

हालांकि सोमवार की रात अपने देश को संबोधित करते हुए यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया कि उन्हें मदद रोकने का आधिकारिक नोटिस नहीं मिला है। साथ ही उन्होंने ट्रंप के साथ मिलकर शांति लाने की दिशा में मिलकर काम करने की बात भी कही। वहीं फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यूक्रेनी राष्ट्रपति से फोन पर बात की और उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

## अमेरिकी युवक ने भारतीय मूल की नर्स पर किया हमला

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के पाम बीच काउंटी अस्पताल में एक अमेरिकी युवक ने भारतीय मूल की वृद्ध नर्स पर हमला कर दिया। युवक ने नर्स की हत्या करने की कोशिश की। आरोप है कि हमले के बाद युवक ने कहा कि




सभी भारतीय बुरे हैं। मैंने एक भारतीय डॉक्टर को पीटा है। पुलिस के मुताबिक पाम बीच काउंटी के अस्पताल में भर्ती मनोरोगी स्टीफन स्कैंटलबरी ने भारतीय मूल की 67 वर्षीय नर्स लीलाम्मा लाल पर हमला किया। आरोपी के हमले में नर्स के चेहरे पर फ्रैक्चर हो गया। गर्दन की हड्डी टूट गई। साथ ही सिर से खून बहने लगा। यह घटना अस्पताल के कैमरे में कैद हो गई।

## दक्षिण अफ्रीका में 2027 तक बनेगा सबसे बड़ा मंदिर भारत से आईं मूर्तियों की होगी प्राण-प्रतिष्ठा

**जोहानिसबर्ग ।** अबूधाबी के बाद अब जोहानिसबर्ग में सबसे व्यस्त और खूबसूरत लैनसेरिया कॉरिडोर के भीतर 37,000 वर्ग मीटर में फैले बीएपीएस मंदिर और सांस्कृतिक परिसर के निर्माण के पहले चरण का काम पूरा हो चुका है। अगले तीन साल में तैयार होने वाला यह दक्षिणी गोलार्द्ध में सबसे बड़ा हिंदू मंदिर होगा। गत वर्ष फरवरी में अबूधाबी स्थित हिंदू मंदिर के उद्घाटन के बाद स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने दक्षिण अफ्रीका में इस पर काम शुरू किया।

**बीते महीने हुआ था मंदिर के सांस्कृतिक परिसर का उद्घाटन :** पिछले महीने मंदिर के सांस्कृतिक परिसर का उद्घाटन मौजूदा गुरु महंत स्वामी महाराज की मौजूदगी में हुआ। अब दूसरे चरण में 2,500 वर्ग मीटर के परिसर वाले पारंपरिक मंदिर पर काम शुरू होगा। मंदिर को विभिन्न धर्मों के बीच संवाद और




दक्षिण अफ्रीका में बीएपीएस के मानवीय कार्यों का केंद्र बनाया जाएगा।

बीएपीएस दक्षिण अफ्रीका के प्रवक्ता हेमांग देसाई ने कहा, अगर कोरोना काल की रुकावट नहीं आई होती तो हम बहुत पहले ही यह मंदिर बना चुके होते।

**भारत से आईं मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा :** इस मंदिर में बड़ा सभा हॉल, बैंक्वेट हॉल, सात्विक भोजन के लिए शायोना रेस्तरां, मंदिर हॉल और विभिन्न गतिविधियों के लिए 20 कमरे होंगे। भारत में जयपुर, तिरुपति समेत विभिन्न शहरों से देवताओं की मूर्तियां लाकर प्राण प्रतिष्ठा भी की जा चुकी है।

# काबुल एयरपोर्ट रोड पर नजर रख रहा था आतंकी शरीफुल्ला

**न्यूयॉर्क ।** अगस्त 2021 में काबुल एयरपोर्ट के पास हुए बम धमाके के मामले में अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने बड़ा खुलासा किया है। आईएसएसआई के आतंकी मोहम्मद शरीफुल्ला ने एफबीआई को बताया कि धमाके से पहले वह काबुल एयरपोर्ट के पास रोड पर नजर रख रहा था। साथ ही उसने मॉस्को में एक हमले सहित कई घातक हमले समेत आतंकी संगठन की ओर से गतिविधियां संचालित की थीं।

आईएसआईएस के सदस्य शरीफुल्ला पर दो मार्च को वर्जीनिया में दर्ज एक शिकायत में एक विदेशी आतंकी संगठन को सामग्री सहायता प्रदान करने और साजिश रचने के चलते हत्या करने का आरोप लगाया गया है। शरीफुल्ला को अफगानिस्तान बम विस्फोट में उसकी भूमिका के लिए अमेरिका प्रत्यर्पित किया जा रहा है।

शरीफुल्ला से दो मार्च को एफबीआई एजेंटों ने पूछताछ की थी।




अब उसे पहले वर्जीनिया के पूर्वी जिले में हिरासत में लाया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार शरीफुल्ला ने एफबीआई एजेंटों को बताया कि उसे 2016 या उसके आसपास आईएसआईएस में भर्ती किया गया था और तब से वह आतंकी समूह का सदस्य है। उसने कई घातक हमलों के लिए संगठन की गतिविधियों का समर्थन और संचालन करना स्वीकार किया था।

शिकायत में 26 अगस्त 2021 को हामिद करजई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (ल्ङक्अ) पर हुए एबी गेट हमले का विवरण दिया गया है। एबी गेट हमले के लिए मुख्य प्रवेश नियंत्रण बिंदु था। 26 अगस्त को अफगानिस्तान से निकासी प्रक्रिया के लिए हजारों नागरिक एबी गेट पर या उसके आसपास थे। एबी गेट पर एक अकेले हमलावर अब्दुल रहमान अल-लोगारी नामक आईएसआईएस सदस्य ने हमला किया था।

शरीफुल्ला ने एफबीआई को बताया कि वह 2019 से अफगानिस्तान की जेल में था। काबुल एयरपोर्ट पर हमले से कुछ सप्ताह पहले भी वह जेल से बाहर आया था। इसके बाद आईएसआईएस के एक सदस्य ने हमले में सहयोग करने के लिए उससे संपर्क किया। आईएसआईएस ने उसे एक बाइक, एक सेल फोन और एक सिम कार्ड के लिए पैसे दिए। साथ ही उसे हमले के दौरान बात करने के लिए एक विशेष सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक खाता खोलने के लिए कहा गया। इसके बाद शरीफुल्ला को एक हमलवार के लिए एयरपोर्ट के पास मार्ग की तलाश करने का काम सौंपा गया था। शरीफुल्ला ने एक मार्ग पर निगरानी की। उसने यहां पुलिस, अमेरिकी और तालिबान चौकियों की जांच की।

# ग्रीनलैंड हमारा है, इसे खरीदा नहीं जा सकता पीएम एगेडे का अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप पर पलटवार

**नई दिल्ली ।** ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री म्यूटे बोरुप एगेडे ने बुधवार को कहा कि ग्रीनलैंड उनका है और उसे न तो लिया जा सकता है और न ही खरीदा जा सकता है। उनका यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस संदेश के जवाब में आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनका प्रशासन आर्कटिक द्वीप के आत्मनिर्णय के अधिकार का समर्थन करता है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका इस क्षेत्र को किसी न किसी तरीके से हासिल कर ही लेगा।

उनका यह सोशल मीडिया पोस्ट तब सामने आया, जब कुछ घंटे पहल ट्रंप ने कांग्रेस को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने ग्रीनलैंड के लोगों से सीधे अपील की थी। एक हफ्ते बाद द्वीप के निवासी संसदीय चुनावों के लिए मतदान करेंगे।

ट्रंप ने कहा, हम आपके अपने



भविष्य को तय करने के अधिकार का मजबूती से समर्थन करते हैं और अगर आप हमें चुनते हैं, तो हम आपका अमेरिका में स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा, 'हम आपको सुरक्षित रखेंगे। हम आपको अमीर बनाएंगे। साथ में हम ग्रीनलैंड को उन ऊंचाइयों तक ले जाएंगे, जिसकी आपने पहले कभी कल्पना नहीं की होगी। ट्रंप ने यह भी कहा कि उनकी सरकार सभी संबंधित लोगों के साथ काम कर रही है, ताकि इसे हासिल किया जा सके।' उन्होंने कहा कि वह डेनमार्क से ग्रीनलैंड को हासिल करना चाहते हैं, जो लंबे समय से अमेरिका का सहयोगी है।

**हम इस क्षेत्र को किसी तरह हासिल कर लेंगे : ट्रंप** अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, हमें वास्तव में वैश्विक सुरक्षा कि लिए इसकी आवश्यकता है। मुझे लगता है कि हम इसे हासिल करने जा रहे हैं। हम किसी न किसी तरह से इसे हासिल करेंगे। ग्रीनलैंड एक विशाल और खनिज समृद्ध द्वीप है और डेनमार्क का एक अर्ध-स्वायत्त क्षेत्र है। यहां के कई लोग ट्रंप की धमकियों से चिंतित और नाराज हैं। ट्रंप की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाना पर डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोक्के रासमुसेन ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि ग्रीनलैंड के लोग डेनमार्क से अलग होकर अमेरिका का हिस्सा बनना चाहते हैं।

**स्वतंत्र और निष्पक्ष होने चाहिए संसदीय चुनावः डेनमार्क के विदेश मंत्री :** मंत्री ने फिनलैंड की यात्रा के दौरान कहा, मैं इसको लेकर बहुत आशावादी हूं।

# अंतरिक्ष में फंसे बुच-सुनीता 9 माह बाद लौटने को तैयार, इस महीने के अंत में पृथ्वी की ओर होंगे रवाना

**नई दिल्ली ।** नासा के दो अंतरिक्षयात्री बुच विलमोर और सुनीता विलियम्स नौ महीने के लंबे इंतजार के बाद अंतरिक्ष से पृथ्वी पर लौटने वाले हैं। उन्हें 12 मार्च तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर पहुंचने वाले अपने प्रतिस्थापनों का इंतजार करना होगा, तभी वे वहां से प्रस्थान कर सकेंगे। वे इस महीने के अंत में स्पेसएक्स कैप्सूल से धरती की ओर रवाना होंगे।

गौरतलब है कि नासा के निक हेग और रूसी अंतरिक्ष एजेंसी के अलेक्जेंडर गोरबुनोव 12 मार्च को आईएसएस पहुंचेंगे। दोनों दल एक सप्ताह तक साथ रहेंगे, जिसके बाद विलमोर और विलियम्स स्पेसएक्स से पृथ्वी के लिए रवाना होंगे। नासा ने बताया कि दोनों स्वस्थ हैं और मिशन पूरा करने को प्रतिबद्ध हैं।



**2023 में आईएसएस पहुंचे थे विलमोर और विलियम्स :** विलमोर और विलियम्स जून 2023 में बोइंग के स्टारलाइनर कैप्सूल से आईएसएस पहुंचे थे। यह बोइंग का पहला मानवयुक्त मिशन था, लेकिन तकनीकी खराबियों के कारण नासा ने इसे खतरनाक मानते हुए खाली वापस भेज दिया। इसके बाद उनकी वापसी स्पेसएक्स के नए कैप्सूल पर निर्भर हो गई, जिसमें भी देरी हो चुकी। अब नासा ने पुराने स्पेसएक्स कैप्सूल का इस्तेमाल करने का फैसला किया है। सुनीता विलियम्स ने आईएसएस से बताया, हमारे परिवारों के लिए यह समय किसी रोलर कोस्टर से कम नहीं रहा। हमसे ज्यादा उन्होंने संघर्ष किया। दोनों अंतरिक्षयात्री सेवानिवृत्त नौसेना अधिकारी और अनुभवी उड़ान विशेषज्ञ हैं।

# गाजा के लिए मिस्र की योजना का समर्थन, अरब नेताओं ने खारिज किया ट्रंप का प्रस्ताव, युद्धविराम अनिश्चित

**काहिरा ।** काहिरा में मंगलवार को बैठक में, नेताओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस योजना का विरोध किया, जिसमें गाजा को आबादी से मुक्त करने और इसे एक समुद्री पर्यटन स्थल के रूप में पुनर्विकसित करने का सुझाव दिया गया था। हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि इस्राइल या अमेरिका मिस्र की इस योजना को स्वीकार करेंगे या नहीं।

### शिखर सम्मेलन में ये देश हुए शामिल

मिस्र द्वारा काहिरा में आयोजित इस शिखर सम्मेलन में कतर के अमीर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उपराष्ट्रपति और सऊदी



अरब के विदेश मंत्री शामिल हुए। ये वे देश हैं जिनका समर्थन किसी भी युद्धोत्तर योजना के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस भी शिखर सम्मेलन में शामिल हुए।

बता दें कि इस्राइल ने अमेरिका के वैकल्पिक प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। साथ ही 7 अक्तूबर को हमास के हमले में बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई की बात की है। इस्राइल ने हमास पर दबाव डालने के लिए गाजा में खाद्य, ईंधन और दवा और अन्य आपूर्ति को रोक दिया है, जिससे युद्ध फिर से शुरू होने की आशंका बढ़ गई है। इस्राइल की सहायता निलंबन की हो रही आलोचना इस्राइल की सहायता निलंबन की व्यापक आलोचना हो रही है। मानवाधिकार समूहों ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया है।

**अरब नेताओं ने गाजा पट्टी के लिए मिस्र की युद्धोत्तर योजना का समर्थन किया है। इस संबंध में मंलगवार को मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सिसी ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत उसके लगभग 2 मिलियन फलस्तीनियों को गाजा पट्टी में रहने की अनुमति होगी।**

# हसीना के प्रत्यर्पण की मांग पर भारत से नहीं मिली कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया, मोहम्मद यूनुस का बयान

**ढाका ।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने कहा कि ढाका पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण के लिए भारत को औपचारिक पत्र भेजे थे, लेकिन नई दिल्ली से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिली। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस के मुताबिक, ब्रिटेन के एक समाचार चैनल के साथ इंटरव्यू में यूनुस ने कहा कि मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए हसीना को मुकदमे का सामना करना होगा।

हसीना पिछले साल पांच अगस्त को भागकर भारत आ गई थीं, जब बांग्लादेश में छात्रों के नेतृत्व में बड़े आंदोलन हुए, जिन्होंने अवामी लीग के 16 साल के शासन को खत्म कर दिया। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने मानवता के खिलाफ अपराध के लिए हसीना और कई पूर्व मंत्रियों, सलाहकारों और सैन्य व नागरिक अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी



वारंट जारी किए हैं।

**नई दिल्ली से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिलीः यूनुस :** यूनुस ने कहा कि केवल हसीना ही नहीं, बल्कि उनके साथ जुड़े सभी लोगों, उनके परिवार के सदस्यों और उनके सहयोगियों के खिलाफ मुकदमा चलाया जाएगा। बांग्लादेश ने उनके खिलाफ दो गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। यूनुस ने कहा कि उन्होंने औपचारिक पत्र भेजे थे, लेकिन नई दिल्ली से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिली। पिछले साल भारत ने बांग्लादेश के उच्चायोग से कूटनीति संचार मिलने की पुष्टि की थी, लेकिन इस पर टिप्पणी करने से परहेज किया। यूनुस ने जोर देकर कहा कि हसीना को अदालत का सामना करना होगा, चाहे वह शारीरिक रूप से बांग्लादेश में हों या न हों।

हसीना पर सैकड़ों कार्यकताओं के अपहरण, उत्पीड़न और हत्या के लिए कथित तौर पर सुरक्षा बलों और पुलिस का उपयोग करने का आरोप है। हालांकि, वह इन आरोपों से इनकार करती हैं और कहती हैं कि उन्हें राजनीति के लिए निशाना बनाया जा रहा है।

**हसीना के खिलाफ आंदोलन में मारे गए 1,400 लोगः संयुक्त राष्ट्र :** पूर्व प्रधानमंत्री हसीना, सेना और पुलिस पर जुलाई और अगस्त में प्रदर्शनकारियो के खिलाफ हिंसक कार्रवाई करने का आरोप है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि हसीना के भारत भागने से पहले के दिनों में करीब 1,400 लोग मारे गए थे। यूनुस ने आठ अगस्त मुख्य सलाहकार का पदभार संभाला था। उन्होंने पहले दावा किया था कि हसीना सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान करीब 1,500 लोग मारे गए, जिनमें छात्र और श्रमिक शामिल थे।

## चीन ने फिर बढ़ाया अपना रक्षा बजट

**बीजिंग ।** चीन लगातार अपनी सैन्य ताकत बढ़ाता जा रहा है। इसी के तहत चीन ने एक बार फिर अपने रक्षा बजट में बढ़ोतरी करने का एलान किया है। चीन ने बुधवार को अपने रक्षा बजट का एलान किया, जिसमें चीन ने रक्षा




खर्च के लिए 249 अरब डॉलर का बजट रखा है। यह पिछले साल के बजट की तुलना में 7.2 प्रतिशत ज्यादा है। पिछले साल भी चीन ने अपने रक्षा ब जट में की थी बढ़ोतरी चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग के सामने पेश किए गए ड्राफ्ट बजट में इस साल चीन का रक्षा बजट 1.7 खरब युआन (249 अरब डॉलर) तय किया गया है। गौरतलब है कि बीते साल भी चीन ने अपने रक्षा बजट में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि की थी।

# 2022 का यूक्रेनी कानून जेलेंस्की को पुतिन के साथ बातचीत करने से रोकता है, क्रेमलिन का बड़ा दावा

**मॉस्को ।** रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से जारी संघर्ष के बीच क्रेमलिन ने बड़ा दावा किया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बुधवार को कहा कि 2022 में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत को खारिज करने वाले यूक्रेनी फरमान से यह सवाल उठता है कि तीन साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से संभावित शांति वार्ता में कौन शामिल हो सकता है। दिमित्री पेसकोव ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की को 'रूसी पक्ष के साथ बातचीत करने से अभी भी कानूनी रूप से प्रतिबंधित किया गया है'।

### 2022 में जेलेंस्की ने एक फैसले पर किए थे हस्ताक्षर

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि यह सकारात्मक है कि वोलोडिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को रूस के साथ शांति वार्ता करने की इच्छा जताई, लेकिन यूक्रेनी फैसले के अनुसार, विवरण में कोई



बदलाव नहीं आया है। सितंबर 2022 में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने एक फैसले पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें कहा गया था कि जब तक रूस ने यूक्रेन के चार क्षेत्रों - डोनेट्स्क, लुहांस्क, खेरसॉन और जापोरिज्जिया को अवैध रूप से अपने साथ मिला लिया है, तब तक पुतिन से कोई बातचीत संभव नहीं है।

### संघर्ष के बीच अमेरिका ने दिया यूक्रेन का झटका

इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को दी जा रही महत्वपूर्ण सैन्य सहायता को रद्द कर दिया है, ताकि जेलेंस्की पर दबाव डाला जा सके और युद्ध समाप्त करने के लिए बातचीत शुरू करने की ओर प्रेरित किया जा सके। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि क्या ये मदद फिर से शुरू होगी। यूक्रेनी सैनिकों को रूस की सेना की प्रगति को रोकने के लिए कठिन संघर्ष करना पड़ रहा है, खासकर पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र में और अब तक रूस को कोई बड़ा रणनीतिक फायदा नहीं हुआ है।

# निगम चला रहा है अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान

## संभव तथा आइजीआरएस की शिकायत का कराया निस्तारण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशानुसार शहर में सभी जोन के अंतर्गत अवैध अतिक्रमण हटाते हुए मार्गों को खाली करने की कार्रवाई जोरों से चल रही है। इसी क्रम में वसुंधरा जोन कवि नगर जोन तथा सिटी जोन के अंतर्गत अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया मौके पर सभी जोनल प्रभारी ने अपने-अपने क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए बड़ी कार्रवाई की साथ में स्वास्थ्य विभाग तथा निर्माण की टीम भी उपस्थित रही।

वसुंधरा जोन के अंतर्गत ब्रिज विहार क्षेत्र में रेलवे लाइन के बराबर में कई सालों से अवैध अतिक्रमण था झुग्गी बनाई हुई थी जिनको बड़ा अभियान चलाते हुए हटाया गया। रेलवे लाइन से ब्रिज विहार तक अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। सभी जोनल प्रभारी मौके पर उपस्थित रहे। निर्माण की टीम तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम भी उपस्थित रही। पांच जेसीबी के माध्यम से अवैध झुग्गियों को हटाया। सिटी जोन के अंतर्गत घंटाघर सब्जी मंडी में अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। व्यापारी वर्ग का विशेष सहयोग टीम को मिला जिसमें दुकानों के बाहर अवैध रूप से सड़कों पर बने हुए स्थाई अतिक्रमण को हटाया गया। लगभग 71000 का जुर्माना भी वसूला गया। कवि नगर जोन में डायमंड फ्लाईओवर के नीचे पांडव नगर तक चार खोके को हटाते हुए अवैध अतिक्रमण हटाया गया।

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर की सुंदरता को बरकरार बनाए रखने के लिए तथा आवागमन को सरल बनाने के लिए अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। मोहन नगर जोन अंतर्गत 10 मार्च 2025 सीमापुरी बॉर्डर के आसपास अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी इसके लिए अनाउंसमेंट तथा अन्य कार्रवाई की जा रही है। जोनल प्रभारी सिटी जोन महेंद्र, कवि नगर जोनल प्रभारी राजेश गुप्ता, जोनल प्रभारी एसके राय वसुंधरा जोन, विजयनगर जोनल प्रभारी अंगद गुप्ता, मोहन नगर जोनल प्रभारी आर पी सिंह द्वारा अवैध अतिक्रमण को लेकर विशेष कार्यवाही की जा रही है।

# शहर को हरा-भरा बनाने में जुटा नगर निगम

## स्वच्छ भारत मिशन में उद्यान विभाग की रहेगी अहम भूमिका : नगर आयुक्त





● सभी पार्कों में लगे हुए नलकूपों का संचालन सही प्रकार से करे टीम : डॉ अनुज

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम अंतर्गत लगभग 1400 पार्क है जिनमें लगातार उद्यान विभाग द्वारा कार्य किया जा रहा है। गाजियाबाद नगर निगम शहर के चौराहों, ग्रीन बेल्ट, सेंट्रल वर्ज, को भी नया स्वरूप देते हुए व्यवस्थित करने की तैयारी कर रहा है जिसके लिए नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार अधिकारियों द्वारा उद्यान विभाग टीम के साथ बैठक की गई। वरिष्ठ प्रभारी उद्यान अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज के नेतृत्व में बैठक हुई। प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार शहर की ग्रीनरी को बढ़ाया जा रहा है न केवल पार्कों को और अधिक बेहतर करने का कार्य चल रहा है बल्कि ग्रीन बेल्ट में अन्य प्रमुख चौराहों को भी सुंदर बनाया जा रहा है। इसी क्रम में हिंडन एयरपोर्ट को भी पूर्ण रूप से सुसज्जित करने की योजना बनाई जा रही है। शहर के डिवाइडर तथा सेंट्रल वर्ज पर गमले की संख्या को बढ़ाते हुए सुंदर बनाया जाएगा। फूल तथा पौधों को सही प्रकार से व्यवस्थित करते हुए लगाया जाएगा। टीम को मोटिवेट करते हुए निर्देशित किया गया है बैठक में उद्यान पर्यवेक्षक अजय हरित, अधिशासी अभियंता उद्यान रोहित अधिशासी अभियंता निर्माण राजेंद्र समस्त हेडमली तथा सुपरवाइजर भी उपस्थित रहे।

अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव द्वारा बताया गया 14 अप्रैल 2025 को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती से पूर्व पार्कों में स्थापित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति की आवश्यकता अनुसार रंग पुताई का कार्य करने के लिए भी टीम को कहा गया इंदिरापुरम क्षेत्र में स्थित ग्रीन बेल्ट तथा सेंट्रल वर्ज को विशेष रूप से एक नया स्वरूप देने के लिए हेड मालियों से रिपोर्ट मांगी गई, सभी पार्कों में नलकूप लगे हुए हैं लगभग 1282 नलकूप है गर्मी के महीना में पानी की अधिक आवश्यकता को देखते हुए सभी नलकूप सही प्रकार से चलते रहे व्यवस्थित करने के निर्देश टीम को दिए गए।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम नियमित कार्यों के साथ-साथ स्वच्छता सर्वेक्षण में कई विशेष कार्यों को भी कर रहा है जिसमें उद्यान विभाग की जिम्मेदारी अलग से तय की गई है। स्वच्छ भारत मिशन के क्रम में शहर को स्वच्छ बनाने के साथ-साथ सुंदरता पर भी विशेष ध्यान निगम देगा जिसमें उद्यान विभाग जोनवार पार्कों को हरा भरा बनाएगा, जिसके साथ-साथ मुख्य मार्गों में चौराहों को भी हरा भरा बनाने के लिए कार्य करेगा, शौचालय तथा यूरिनल के सामने गमले की संख्या को बढ़ाएगा तथा पेड़ पौधों को भी व्यवस्थित करेगा, विलोपित कूड़ा घर पर भी कार्य किया जाएगा ऐसे स्थान जहां कूड़ा पड़ा हुआ है वहां से कूड़ा हटाते हुए पेड़ पौधों को लगाते हुए सौंदर्यकरण का कार्य करेगा।

# टाउनशिप परियोजना में अनियमितताओं को लेकर अंसल प्रॉपर्टीज के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन-5 के अंतर्गत डूंडा हेडा की 152.89 एकड़ भूमि पर इंटीग्रेटेड टाउनशिप के विकास हेतु चयन किया गया था। प्रथम चरण में 127 एकड़ पर प्रस्तुत योजना का डीपीआर बोर्ड द्वारा 7 मई, 2007 को स्वीकृत कर डेवलपमेंट एग्रीमेंट निष्पादित किया गया था, जिसकी पूर्णता अवधि 6 मई 2012 निर्धारित की गई थी।

इसके पश्चात अंसल प्रॉपर्टीज एण्ड इन्फ्रास्टक्चर लि0 (कंशोर्सियम) हेतु पुनः अधिग्रहीत कराई जा रही 14.50 हेक्टेयर भूमि के संबंध में उच्च न्यायालय द्वारा 14 दिसंबर 2016 को अर्जन प्रक्रिया निरस्त कर दी गई। इस कारण उक्त भूमि को डीपीआर से अलग कर 99.75 एकड़ भूमि पर संशोधित डीपीआर/ले-आउट शासन द्वारा गठित समिति की अनुशंसा एवं प्राधिकरण बोर्ड के अनुमोदन 15 जून 2019 के क्रम में दिनांक 24 अगस्त 2020 को प्रदान किया गया। परियोजना के स्वीकृत ले-आउट के अनुसार विकासकर्ता द्वारा आंतरिक एवं वाह्य विकास कार्य जैसे एसटीपी, सीवर, पेयजल, आंतरिक सड़कें, बाउंड्री वॉल, नाली, पार्क आदि मानकों के अनुसार विकसित नहीं किए गए। इस संबंध में निवासियों द्वारा लगातार शिकायतें की जा रही थीं। प्राधिकरण द्वारा कंपनी के प्रतिनिधियों एवं विकासकर्ता को कई बार मौखिक और लिखित रूप से निर्देशित किया गया, किन्तु विकासकर्ता ने अनियमितताओं को जारी रखा। मै० अंसल प्रॉपर्टीज एण्ड इन्फ्रा. लि0 द्वारा स्वीकृत योजना के अनुसार दुर्बल एवं अल्प आय वर्ग के आरक्षित भूखंडों पर आंशिक रूप से भवन निर्माण कर शेष भूमि पर अवैध भूखंड सृजन की कार्यवाही की गई। इसके विरुद्ध प्राधिकरण ने उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 के तहत कार्रवाई की। विकासकर्ता प्रणव अंसल (डायरेक्टर, अंसल प्रॉपर्टीज) ने अनुबंध की शर्त संख्या-5 (2) का उल्लंघन करते हुए अल्प आय वर्ग के लिए निर्धारित 848 भवनों के स्थान पर केवल 160 भवनों का निर्माण किया तथा शेष भूमि पर अवैध भूखंड सृजित किए गए। यह कार्य उ0प्र0 सरकार द्वारा निर्धारित टाउनशिप नीति की शर्तों के विरुद्ध था और इस भूमि के दस्तावेजों की कूटरचना की गई।

इसके अतिरिक्त, तलपट मानचित्र की स्वीकृति के समय मोनिका घई द्वारा प्रस्तुत आपत्ति में विकासकर्ता ने अपने शपथ पत्र में उल्लेख किया था कि उन्हें प्लॉट संख्या ई-028 के स्थान पर डी-121 आवंटित किया जाएगा। किन्तु, इसका उल्लंघन करते हुए उक्त प्लॉट विनय कुमार त्यागी व दिव्यांश जैन को आवंटित कर दिया गया। इन सभी अनियमितताओं को ध्यान में रखते हुए, 5 मार्च 2025 को थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक में प्रणव अंसल (डायरेक्टर), विकास यादव (डायरेक्टर), अमित शुक्ला (जनरल मैनेजर एवं प्रतिनिधि) तथा अन्य अधिकारीगण, मै० अंसल प्रॉपर्टीज एण्ड इन्फ्रा० लि0 (कंशोर्सियम) के विरुद्ध प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कराई गई है।

# महामंत्री पप्पू पहलवान ने वार्ड 78 गुलमोहर पार्क की मरम्मत के कार्य का किया उद्घाटन



**साहिबाबाद करंट क्राइम।** शालीमार गार्डन वार्ड 78 विस्तार प्रथम मे गाजियाबाद महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के द्वारा क्षेत्र का चोहमुखी विकास कार्य निरंतर हो रहा है । इसी कड़ी मे महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के द्वारा गुलमोहर पार्क पर 6 लाख की लागत से रिपेयर निर्माण कार्य का उद्घाटन नारियल फोड़कर किया गया । इस अवसर पर डी एन कोल प्रतीक माथुर शत्रुघ्न लाल भूषण लाल सुनील शर्मा सुभाष त्यागी वी एस नेगी शिव देव शर्मा रोहित जैन प्रमोद विजय रावत सुभाष कुमार अनिल तोमर एस एस शर्मा आजाद कसाना निशा चौहान प्रियंका सोलंकी अनीता राणा रूपा मुखर्जी प्रीति किटी एस के जायसवाल आदि उपस्थित रहे ।

## यूजर चार्ज वसूली की रफ्तार बढ़ाने हेतु नगर आयुक्त ने टीम को दिए निर्देश

# 25 दिन में 10 करोड वसूलने का टारगेट

## पथ विक्रेताओं को भी यूजर चार्ज से जोड़ेगा निगम : नगर आयुक्त



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कूड़ा कलेक्शन के लिए जाने वाले यूजर चार्ज को लेकर अधिकारियों की बैठक की। बैठक में कई विशेष बिंदुओं पर चर्चा हुई, जिनमें 25 दिन के भीतर 10 करोड़ की वसूली करने के लिए टीम को कहा गया। मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार तथा नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश भी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त द्वारा पथ विक्रेताओं को भी यूजर चार्ज से जोड़ने के लिए कहा गया।

अपर नगर आयुक्त ने बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत यूजर चार्ज हेतु 5 करोड़ की वसूली इस वर्ष की गई है, जिसको बढ़ाते हुए नगर आयुक्त ने 10 करोड़ की वसूली करने का लक्ष्य टीम को दिया है। जिसके लिए व्हाट्सएप के माध्यम से बिल भेजे जाएं तथा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के साथ-साथ बिल को भी डिस्ट्रीब्यूशन कराया जाए निर्देश दिए गए हैं। मोबाइल एप्लीकेशन को तैयार करते हुए वसूली बढ़ाने के लिए भी कहा गया है। सभी जोनल कार्यालय में भी अलग से यूजर चार्ज की विंडो रहेगी। जिस पर उपभोक्ता अपना यूजर चार्ज जमा कर सकेंगे, पथ विक्रेताओं का रजिस्ट्रेशन भी करते हुए यूजर चार्ज से जोड़ने के लिए कहा गया है। नगर आयुक्त ने विभागीय टीम को नये यूजर बनाने के लिए भी कहा गया है। प्रतिदिन सभी वार्ड के अंदर टीम निरीक्षण करते हुए ऐसे भवन जिनसे यूजर चार्ज की वसूली नहीं हो रही है उनको शामिल करते हुए यूजर चार्ज वसूलने के लिए कहा है। इसकी रिपोर्ट प्रतिदिन जोनल कार्यालय से उपलब्ध करायी जायेगी। यूजर चार्ज वसूली में वार्ड के पार्षदों द्वारा भी सहयोग किया जाएगा अपील की जा रही है।

# मुल्क राज आकाश (गीतकार, कवि) ने 'करंट क्राइम' को समर्पित की अपनी खास कविता

## 'है गुलाल संग होली न्यारी'



मौसम रंगों का आया है,
फागुन में बाहर लाया है,
चुनरी भीगे भीगे चोली,
एक नया उन्माद छाया है।

जशन भी होगा गुलाल उड़ेगा
सुर्ख गुलाल हर गाल लगेगा
है बेला यह 'करंट क्राइम' की
इस होली हर दिल मिलेगा।

भल्ले पापड़ी रसमलाई,
कुल्फी भी फिर संग आई,
मथुरा की होली मस्ती वाली,
और साथ बजे डीजे शहनाई।

तरह-तरह के सेल्फी प्वाइंट
अजब गजब सी टोपी पहनाई
भव्य कार्यक्रम है मस्ती वाला
सबसे अव्वल सबसे निराला
छोटे बड़े सब गले मिलेंगे
प्यार से सबके दिल खिलेंगे।

-मुल्क राज आकाश

# श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड ने किया चैरिटेबल डिस्पेंसरी का शुभारंभ




महापौर सुनीता दयाल, प्रदेश संयोजक (एनजीओ प्रकोष्ठ) संजय कश्यप एवं क्षेत्रीय पार्षद कुलदीप त्यागी ने किया उद्घाटन

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** वार्ड संख्या 69 के पीले क्वार्टर में गुरुवार को श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड द्वारा चैरिटेबल डिस्पेंसरी का शुभारंभ गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल, प्रदेश संयोजक (एनजीओ प्रकोष्ठ) संजय कश्यप एवं क्षेत्रीय पार्षद कुलदीप त्यागी के द्वारा किया गया। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राकेश जैन, रजनीश जुलकर (एक्स डायरेक्ट श्रीराम पिस्टन), संजय कुमार (महाप्रबंधक श्रीराम पिस्टन), डीसी जोशी सीआरएस हेड , पूर्व रेलवे बोर्ड सदस्य प्रदीप त्यागी, मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी,पूर्व मंडल अध्यक्ष विनीत शर्मा, बबलू शर्मा, पंडित हरिशंकर शास्त्री ,एच एन शुक्ला, अंकित त्यागी, शिवम कुमार,हर्षित, महेंद्र गुप्ता, श्रीमोहन, मुकेश त्यागी, हरिओम त्यागी, रमेश छिब्बर, समुद्री देवी, राकेश शर्मा, उमेश त्यागी, धर्मवीर, राकेश अग्रवाल , हनी राकेश शर्मा, राकेश सिंह, दिनेश त्यागी, परमजीत सिंह ,मनोज त्यागी, कमलेश, नंदिनी वाला, लक्ष्मी, इशांत, मनीष, गुलशन, सागर वशिष्ठ, विपिन कुमार मनीष चौधरी, प्रिंस यादव,योगेश चौधरी, डॉक्टर दीपक तोमर,धर्मवीर गुर्जर,डॉ विनय कुमार, जितेंद्र यादव, मनोज त्यागी, कृष्णा यादव उपस्थित रहे।

# ओपन जिम लगने से वार्ड-97 के लोगों को मिलेगा स्वास्थ्य लाभ: श्रीभगवान अग्रवाल




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड-97 के पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने रामप्रस्थ के मदर डेयरी पार्क में करीब 20 दिन पहले ओपन जिम का फाउंडेशन बनकर तैयार हो गया था। बुधवार को ओपन जिम लगाने के लिए मशीन आ गई हैं । पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने कहा कि वार्ड-97 में ओपन जिम का क्रेज बढ़ता जा रहा है। फ्री का ओपन जिम हर वर्ग की पसंद बन रहा है। पहले आधा से एक घंटे तक वॉक और उसके बाद ओपन जिम में एक्सरसाइज करना शहरवासियों को रास आ रहा है। यही वजह है कि इनकी डिमांड बढ़ती जा रही है। युवाओं से लेकर बुजुर्ग और महिलाएं भी बड़ी संख्या में ओपन जिम का इस्तेमाल कर रहे हैं। यही वजह है कि पार्षद भी चाहते हैं कि उनके वार्ड के हर पार्क में ओपन जिम लग जाए। जब निगम से मांग रहेंगे वही विधायकों के यहां ओपन जिम के लिए प्रयास कर रहे हैं। अभी वार्ड के टीम पार्कों में ओपन जिम लग चुके है। ओपन जिम लगने से वार्ड वासियों को मिलेगा स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है।

## सम्भागीय परिवहन कर्मचारी संघ का चुनाव संपन्न

# अध्यक्ष पद पर शिवकरन सचान तथा सचिव पद पर प्रियंक मिश्रा विजयी घोषित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सम्भागीय परिवहन कर्मचारी संघ की प्रान्तीय इकाई द्वारा गाजियाबाद शाखा की कार्यकारिणी गठन हेतु निर्वाचन अधिकारी नामित करते हुए गाजियाबाद शाखा की कार्यकारिणी के गठन की कार्यवाही करवाने का अनुरोध किया गया थाए जिसके अनुक्रम में 27 फरवरी, 2025 को निर्वाचन से सम्बन्धित कार्यक्रम जारी कर सभी कार्मिकों / सदस्यों को नोट कराया गया। 5 मार्च 2025 को नामांकन हेतु तिथि निर्धारित थी। नामांकन के दिन निम्न सदस्यों ने विभिन्न पदों पर नामांकन कराया।

अध्यक्ष पद के लिए राजीव कुमार श्रीवास्तव एवं शिवकरण सचान ने किया नामांकन किया। सचिव पद के लिए प्रियंक मिश्रा एवं अनुराग पाण्डेय ने नामांकन किया। दोनों पदों पर एक-एक मत पत्र निरस्त किए गए। इस प्रकार अध्यक्ष पद पर शिवकरन सचान तथा सचिव पद पर प्रियंक मिश्रा विजयी घोषित किए गए।

# वार्ड 81 के पार्षद धीरज अग्रवाल ने किया ओपन जिम का उद्घाटन




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बुधवार को वार्ड 81 के पार्षद अग्रवाल ने नीति खंड-2 के प्राचीन मनोकामना सिद्ध मंदिर वाले पार्क में ओपन जिम का उद्घाटन किया।

पार्षद धीरज अग्रवाल ने कहा कि ओपन जिम लगने से बच्चों और महिलाओं बुजुर्गों को स्वास्थ्य लाभ और कसरत करने का मौका मिलेगा। लोगों की पहल पर नगर निगम द्वारा ओपन जिम लगवाया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार बच्चो के खेलकूद के प्रति काफी ध्यान दे रही है। सार्वजनिक ओपन जिम पर गांव के हर बच्चे के साथ बुजुर्ग भी इसका लाभ ले सकते है।

इस अवसर पर नूपुर अग्रवाल, धीरज शर्मा, प्रीति ध्यान, गायत्री पांडे, मुनिपाल, राहुल, दिनेश, रेखा शर्मा, कुलदीप, मंजू सिंह, मधु, दिनेश, बबिता दीक्षित, मंजू सिंह आदि लोग मौजूद रहे।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये सियासत कुछ अदभुत रिश्ते लिए हुए हैं। पुराने सियासी योद्धा जब मिलते हैं तो छात्र जीवन की यादें ताजा हो जाती हैं। कभी छात्र नेता रहे राजकुमार सांगवान अब बागपत से लोकसभा सांसद हैं। उनके जन्मदिन पर पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने कुछ इस आत्मीय अंदाज में उन्हें जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी। पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।